संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ....
09 जनवरी 2025, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 102
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

भारत में ही रहेंगी शेख हसीना!

नई दिल्ली । बांग्लादेश में पांच अगस्त को हुए तख्तापलट के बाद से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में शरण लिए हुए हैं। इस बीच खबर है कि भारत में उनके वीजा की अवधि को बढ़ा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि भारत सरकार ने शेख हसीना की वीजा अवधि बढ़ा दी है, जिसके बाद से भारत में उनके प्रवास को लेकर फिलहाल किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। बांग्लादेश से भागकर शेख हसीना भारत के हिंडन एयरबेस पहुंची थीं, जहां से कथित तौर पर उन्हें दिल्ली में किसी सेफहाउस में रिलोकेट कर दिया गया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव का घमासान

सीएम और पीएम आवास को लेकर भाजपा, आप और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज

एजेंसी

नई दिल्ली । विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को लेकर भाजपा, आप और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। भाजपा ने सीएम हाउस को केजरीवाल का शीशमहल तो आप ने नए प्रधानमंत्री आवास को पीएम का राजमहल बताते हुए एक-दूसरे पर निशाना साधा है। भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल ने सीएम हाउस रेनोवेट कराने में घोटाला किया। टेंडर 8 करोड़ का था, पेमेंट 4 गुना ज्यादा किया। जवाब में आप ने पीएम आवास को 2700 करोड़ का राजमहल बताया है।

आप सांसद संजय सिंह और मंत्री सौरभ भारद्वाज बुधवार को मीडिया को लेकर सीएम हाउस दिखाने पहुंचे। हालांकि पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। संजय सिंह की पुलिस के साथ बहस भी हुई। दोनों नेता आप समर्थकों के साथ कुछ देर वहीं बैठ गए। इसके बाद वे सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बन रहे नए प्रधानमंत्री आवास की ओर निकले। हालांकि पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते से ही वापस भेज दिया। इसके बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा आतिशी के बंगले पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आतिशी को मथुरा रोड का बंगला आवंटित है। वो रहती कालकाजी में हैं। उनके पास दो-दो बंगले हैं। वे बंगले वाली देवी है। भाजपा के बाद कांग्रेस भी शीशमहल विवाद में कूद पड़ी। कांग्रेस नेता गुरुदीप सिंह सप्पल ने कहा- कांग्रेस पार्टी ने 55 साल तक शासन किया है और गांधी परिवार के 3 सदस्य प्रधानमंत्री रहे हैं। गांधी परिवार ने देश के लिए अपना आनंद भवन दान कर दिया। मनमोहन सिंह पीएम बने तो उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की गाड़ी नहीं बदली। 10 साल उसी से चले।

दिल्ली भाजपा ने बुधवार को एक्स पर एक नया पोस्टर जारी कर केजरीवाल को टॉयलेट चोर बताया।

इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए था : तेजस्वी यादव

बक्सर । बिहार की यात्रा पर निकले राजद नेता तेजस्वी यादव दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कहा है कि यह पहले से तय था कि इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए है, आगे देखा जाएगा कि चुनाव प्रचार में जाएंगे या नहीं। बक्सर के सभा कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि, इंडिया गठबंधन बनने के दौरान यह तय हो गया था कि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए है, विधानसभा चुनाव के लिए यह गठबंधन नहीं है। हालांकि जब उनसे पूछा गया है कि क्या आप चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली जाएंगे तो उन्होंने कहा कि यह तय नहीं है, आगे देखा जाएगा। हालांकि तेजस्वी ने यह भी कहा कि बिहार में हम साथ-साथ हैं। दरअसल दिल्ली में विधानसभा का चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन कई खंड में बंटा हुआ नजर आ रहा है। जहां एक तरफ आम आदमी पार्टी अकेले अपने दम पर दिल्ली का रण जीतने में लगी हुई है तो वहीं कांग्रेस भी दिल्ली विधानसभा में ताल ठोक रही है।

स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर, तीन बच्चे और ड्राइवर की मौत

मुख्यमंत्री ने प्रकट की संवेदना, गुडविल स्कूल के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

संवाददाता

रामगढ़ । रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मठवाटांड़ गांव के पास बुधवार की सुबह स्कूली बच्चों से भरे एक ऑटो को एलपी ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन स्कूली बच्चे और एक ड्राइवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में अन्य स्कूली बच्चे भी घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने राहत बचाव कार्य शुरू किया। घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही उनके परिजनों को भी इसकी सूचना दी है।

रामगढ़ जिले के गोला में हुए सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर से वैन चालक एवं 3 बच्चों के निधन की दुःखद खबर से मर्माहत हूँ। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। दुर्घटना में घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।घटना के बाद मृत बच्चों के परिजनों से डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने बात की। दोनों अधिकारी सदर अस्पताल में मृत बच्चों के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुःखद है। डीसी चंदन कुमार ने कहा कि सरकारी आदेश के बावजूद विद्यालय का संचालन होना अपराध है। इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि गोला थाने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के बयान पर गुडविल मिशन स्कूल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

घटनास्थल पर पहुंचे एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि सामाजिक कल्याण के तहत मृतकों के परिजनों को तत्काल 10 हजार की सहायता राशि दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद प्रक्रिया पूर्ण कर परिजनों को सामाजिक कल्याण के तहत बकाया 20 हजार की रकम भी उपलब्ध करा दी जाएगी।

एसडीओ ने बताया कि सड़क हादसे में मृतकों के आश्रितों को एक लाख देने का प्रावधान है। मृतकों में वाहन चालक सरफराज अंसारी , नीरू कुमारी(6), आशीष कुमार महतो(6), अनमोल कुमार (5) शामिल हैं। सभी के शव का पोस्टमार्टम पुलिस की मौजूदगी में कराया गया है।

गुडविल मिशन स्कूल अगले आदेश तक सील

रामगढ़ । रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत गुडविल मिशन स्कूल को डीसी के आदेश के बाद बुधवार की शाम सील कर दिया गया है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि इस विद्यालय के जरिये सरकारी आदेश की अवहेलना की गई थी जिसकी वजह से बच्चे स्कूल जा रहे थे। सड़क दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन के जरिये यह बड़ी कार्रवाई की गई है। विद्यालय को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दंडाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, अंचल अधिकारी गोला, बीडीओ गोल की उपस्थिति सील कर दिया गया है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक ड्राइवर को पीटा

रामगढ़ । रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में हुई सड़क दुर्घटना में तीन बच्चों की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे परिजनों के चित्कार से पूरा गोला प्रखंड गूंज उठा। कोई अपने बच्चों के शव को लेकर छाती पीट रहा था, तो कोई घायल बच्चे को इलाज करने के लिए दौड़ रहा था। इस हादसे के बाद ग्रामीण इतने गुस्से में थे कि उन्होंने ट्रक ड्राइवर को पकड़कर जमकर पीटा। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। लोगों का गुस्सा इतना अधिक था कि उन लोगों ने उस ट्रक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया जिसने तीन मासूम बच्चों की जान ले ली।

संक्षिप्त खबरें

वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम का निधन

रांची । वरिष्ठ पत्रकार और रांची प्रेस क्लब, कार्यकारिणी के सदस्य राणा गौतम (55 वर्ष) का बुधवार को आवास पर देहांत हो गया। वे पिछले कुछ समय से कैंसर पीड़ित थे। इलाज मुंबई और रांची के अस्पतालों में चल रहा था। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व पुत्री छोड़ गए हैं। पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि गुरुवार को दिन के 12 बजे हरमू मुक्तिधाम में होगी। इससे पूर्व पार्थिव शरीर को रांची प्रेस क्लब में दर्शनार्थ रखा जाएगा। राणा गौतम ने 1992 से रांची में पत्रकारिता शुरू की। हिन्दुस्तान, देशप्राण, आज, रांची एक्सप्रेस, खबर मंत्र में बतौर रिपोर्टर अपनी अलग पहचान बनाई।

बांग्लादेश में नहीं थम रहा हिंदुओं पर अत्याचार, एक और युवक की हत्या

कोलकाता । बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का सिलसिला अबतक जारी है। ताजा घटना में हमलावरों ने इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स व्यवसायी हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। यह घटना झालकाठी जिले के रामपुर गांव के बउकाठी बाजार में हुई। मृतक की पहचान सुधीब हलदार के रूप में हुई है। इस निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग से कड़ा सवाल किया है कि यह अत्याचार कब थमेगा।

हाईकोर्ट ने संभल मस्जिद की सुनवाई पर रोक लगाई, 4 हफ्ते में सभी से जवाब मांगा

एजेंसी

प्रयागराज/ संभल । संभल की जामा मस्जिद मामले में जिला कोर्ट में चल रही सुनवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। बुधवार को हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस मामले के सभी पक्षकारों से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। पक्षकारों के जवाब पर मस्जिद कमेटी को दो हफ्ते में अपना रिज्वांइडर यानी

प्रत्युत्तर दाखिल करना होगा। अब इस मामले में 25 फरवरी को सुनवाई होगी।

दरअसल, जामा मस्जिद की तरफ से इंतजामिया कमेटी ने 4 जनवरी को याचिका दाखिल की थी। इसमें सर्वे रोकने की मांग की थी। हाईकोर्ट से जिला अदालत में चल रही मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगने से मुस्लिम पक्ष को फौरी राहत मिली है। कोर्ट ने कहा कि अगले आदेश तक कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी। हिंदू पक्ष की तरफ से सीनियर एडवोकेट हरिशंकर जैन और एडवोकेट प्रभास पांडेय ने दलील दी, जबकि मुस्लिम पक्ष की तरफ से एसएफए नकवी ने पक्ष रखा। इससे पहले, संभल कोर्ट में भी मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- इसके केस की 5 मार्च तक सुनवाई नहीं होगी। संभल कोर्ट के फैसले के कुछ घंटे बाद ही हाईकोर्ट का ये फैसला आया।

प्रत्येक वाहन चालक का होगा डेढ़ लाख का दुर्घटना बीमा : गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'कैशलेस' या नकदी-रहित इलाज के लिए मार्च तक संशोधित योजना लाएगी। इसके तहत प्रति दुर्घटना प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक 'कैशलेस' इलाज की सुविधा मिलेगी। गडकरी ने कहा

कि यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'कैशलेस' उपचार प्रदान करने के लिए एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था। चंडीगढ़ में शुरू किए गए पायलट कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए एक माहौल तैयार करना था। पायलट परियोजना को बाद में छह राज्यों तक बढ़ाया गया।

रघुवर दास कल लेंगे भाजपा की सदस्यता

संवाददाता

रांची । पूर्व राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास 10 जनवरी को सुबह 10 बजे जस्टिस एलपीएन शहदेव चौक पर माल्यार्पण करेंगे। माल्यार्पण के बाद 10 जनवरी को रघुवर दास 1 बजे बीजेपी की सदस्यता लेंगे। रघुवर दास उड़ीसा के राज्यपाल के पद से इस्तीफा देने के बाद दूसरी बार बीजेपी की सदस्यता लेंगे। सदस्यता ग्रहण समारोह प्रदेश भाजपा कार्यालय में लेंगे। इस्तीफा देने के बाद से ही उनके सक्रिय राजनीति में आने के कयास लग रहे थे।

वहीं, बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री

रघुवर दास के रांची स्थित आवास पर नेताओं-कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। रघुवर दास कड़कड़ाती ठंड में कार्यकर्ताओं के साथ अलाव का आनंद लिया। उनके फिर से सक्रिय राजनीति में लौटने की खबर से रघुवर समर्थकों में उत्साह है।

15 लाख सालाना कमाई पर मिल सकती है टैक्स में छूट

1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में हो सकता है फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को देश का आगामी बजट पेश करेंगी। इस बीच, चर्चा है कि केंद्र सरकार इस बजट में आम लोगों के लिए बड़ी छूट का ऐलान कर सकता है। केंद्रीय बजट 2025 में 15 लाख रुपये तक सालाना इनकम वालों को टैक्स छूट का लाभ मिल सकता है। टैक्स में छूट के ऐलान से डिस्पोजेबल इनकम में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जिससे खपत बढ़ेगी।

जानकारी के अनुसार सरकार वित्त वर्ष 2020-21 में शुरू की गई नई आयकर व्यवस्था में बदलाव पर विचार कर रही है, जिसने सरल स्ट्रक्चर के कारण 70 फीसदी से ज्यादा टैक्सपेयर्स को अपनी तरफ आकर्षित किया है। मौजूदा समय में नई व्यवस्था के तहत 3 लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री है, जबकि 3 लाख से 6 लाख रुपये के बीच की आय पर 5 प्रतिशत, 6-9 लाख रुपये पर 10 प्रतिशत, 9-12 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत, 12-15 लाख रुपये पर 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपये से अधिक पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। 75,000 रुपये की स्टैंडर्ड डिडक्शन यह तय करती है कि 7.75 लाख रुपये तक की इनकम टैक्स फ्री है। वहीं 7 लाख तक सालाना इनकम होने पर कोई टैक्स देने की जरूरत नहीं होगी।

जानकार बताते हैं कि मूल छूट सीमा 3 लाख रुपये से बढ़कर 4 लाख रुपये हो सकती है। साथ ही अन्य स्लैब में भी समायोजन किया जा सकता है।

अनशन कर रहे डल्लेवाल की हालत नाजुक

किसान नेता बोले-कुछ हुआ तो हालात नहीं संभलेंगे

एजेंसी

चंडीगढ़ । फसलों पर एमएसपी समेत 13 मांगों के लिए 44 दिन से हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक है। वह किसी के साथ बात भी नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व डीआईजी नरेंद्र भार्गव और एसएसपी पटियाला नानक सिंह ने बताया कि डल्लेवाल ने मेडिकल ट्रीटमेंट लेने से मना किया है। प्रशासन उन्हें मनाने की कोशिश कर रहा है।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि यदि डल्लेवाल के साथ कुछ

अनहोनी हो गई तो शायद उसके बाद जो स्थिति पैदा होगी, उसे केंद्र सरकार संभाल नहीं पाएगी। इसलिए समय रहते केंद्र सरकार को किसानों के मुद्दों को हल करना चाहिए। उधर, किसान नेताओं ने तय किया है कि 13 जनवरी को लोहड़ी पर कृषि मार्केटिंग पॉलिसी का ड्राफ्ट जलाया जाएगा।

संथाल परगना में बढ़ेगी आईटीआई कॉलेजों की संख्या : संजय यादव

प्रशिक्षित युवाओं के बीच मंत्री ने बांटा नियुक्ति पत्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में संथाल परगना प्रमंडल के सभी जिले के विभागीय पदाधिकारीयों के साथ बैठक हुई। बैठक के क्रम में मंत्री ने विभाग अंतर्गत संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कहा कि राज्य से पलायन रोकना उनकी पहली प्राथमिकता है। यहां के युवाओं को झारखंड में ही रोजगार मिले इसकी व्यवस्था की जा रही है। नए उद्योग स्थापित हों इसके लिए इन्वेस्टर्स को आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य से जितने भी मजदूर काम करने के लिए बाहर जा रहे हैं उनका रजिस्ट्रेशन हो इसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

समीक्षा के क्रम में संथाल परगना में स्थापित आईटीआई कॉलेज की समीक्षा की गई। जिसमें मंत्री ने बताया कि झारखंड राज्य में प्रतिवर्ष सैकड़ों छात्र आईटीआई कॉलेज के माध्यम से तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य संवारते है। झारखंड राज्य में कुल 74 आईटीआई कॉलेज है और पूरे संथाल परगना में 13 है। इस विषय पर चर्चा करने के उपरांत मंत्री ने संथाल परगना क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज बढ़ाने की बात कही। संबंधित पदाधिकारी को इसका प्रस्ताव बनाकर आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में सामने आया कि फिटर ट्रेड की डिमांड संथाल परगना में अधिक है पर कॉलेज में सीट की कमी है। जिसपर मंत्री ने संज्ञान लेते हुए इस पर नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर श्रम आयुक्त को निर्देश दिया।

मंत्री ने बिना तैयारी के पहुंचे जामताड़ा के श्रम अधीक्षक को थमाया शोकॉज का नोटिस

दुमका । समाहरणालय सभागार में श्रम विभाग की बुधवार को प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में मंत्री संजय प्रसाद यादव जब जामताड़ा जिला की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की तो की त्रुटि पाए। इस पर विभागीय मंत्री ने निराशा व्यक्त की परिषदन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा की जामताड़ा के श्रम अधीक्षक शैलेंद्र शाह जो देवघर जिला के भी अतिरिक्त प्रभार में है, किसी भी सवाल का सटीक जवाब नहीं दे पाए। बगैर तैयारी के मंत्री की बैठक में शामिल हुए। इसे लेकर लेकर श्रम अधीक्षक को शॉकौज का आदेश दिया गया है साथ ही जांच का भी आदेश दिया गया है. जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यकर्ता संगठन की रीढ़, उनका समर्पण ही पार्टी की सफलता का आधार : बाबूलाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । संगठनात्मक मजबूती के लिए दुमका के कुरूवा में भारतीय जनता पार्टी दुमका सदर एवं गांदो मंडल की संयुक्त बैठक बुधवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गणपति पाल और मणिलाल गृही ने संयुक्त रूप से की। इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, जिलाध्यक्ष गौरवकांत, और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अंजुला मुर्मू,परितोष सोरेन ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा करना और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रणनीति तय करना था। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने का कार्य नहीं है, यह हमारी विचारधारा को मजबूत करने और भाजपा को झारखंड में जन-जन तक पहुंचाने का मिशन है। हर कार्यकर्ता को यह समझना होगा कि संगठन का हर स्तर, विशेषकर बूथ स्तर, भाजपा की जड़ें मजबूत करने का मूल आधार है।

पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि भाजपा ने झारखंड के आदिवासी और पिछड़े वर्गों के विकास के लिए जो योजनाएं शुरू की हैं, उन्हें हर व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। सदस्यता अभियान के जरिए हमें समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़ना होगा। यह अभियान झारखंड में भाजपा के विजन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भाजपा की नीतियां और योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे। सदस्यता अभियान के दौरान हमें युवाओं और महिलाओं की विशेष भागीदारी पर जोर देना होगा, क्योंकि ये समूह भाजपा की ताकत हैं और भविष्य का निर्माण करेंगे।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अंजुला मुर्मू ने कहा कि झारखंड की महिलाएं अब भाजपा की नीतियों में अपना भविष्य देख रही हैं। हमें इस अभियान में महिलाओं को बड़ी संख्या में जोड़ना होगा। संगठन की मजबूती के लिए महिला शक्ति को आगे लाना जरूरी है। हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को भाजपा की विकास यात्रा में शामिल करना है।

जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया कि बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना सिंह,निवास मंडल,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बिट्टू,मार्शल ऋषिराज टुडू,पिंटू साह,बबलू मंडल,जिला मंत्री सोनी हेंब्रम,ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज साह,अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रमेश मुर्मू,युवा मोर्चा अध्यक्ष रूपेश मंडल,सोशल मीडिया सह प्रभारी दीप्तांशु कोचगवे,नीतू झा एवं मंडल के महामंत्री सक्रिय कार्यकर्ता सहित उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

राज्य में महुआ की एमएसपी तय करने की होगी पहल : मंत्री शिल्पी

रांची । राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड के वन उपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय होगा।कृषि विभाग सब्जी सहित वन उपजों की एमएसपी तय करने की तैयारी कर रहा है। महुआ जैसे वन उपज को कृषि विभाग एमएसपी के दायरे में लाने पर चर्चा कर रही है। हालांकि, ये चर्चा प्रारंभिक है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय समीक्षा के बाद नेपाल हाउस में विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं कार्य प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। इस दौरान वो वीएलडब्ल्यू के काम को लेकर नाराज दिखीं। वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गई है। उनके वेतन का भुगतान भी कृषि विभाग के मद से होता है लेकिन वे आवास योजना और मनरेगा के लिए जमीन का काम ज्यादा करते हैं। मंत्री ने वीएलडब्ल्यू को कृषि विभाग की योजनाओं के लिए काम करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि बहुत जल्द वीएलडब्ल्यू के लिए एक राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान ये बात भी सामने आई की जरूरतमंद लाभुकों तक कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना नहीं पहुंच पा रही है। कुछ खास किसानों को ही विभाग की एक से ज्यादा योजना मिल रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि मांडर और चान्हो में सिंचाई से संबंधित एक भी आवेदन नहीं मिला है। ये हैरान करने वाली बात है। दरअसल, किसानों को विभाग की योजनाओं की सही जानकारी तक नहीं है।

रांची में थाना प्रभारी बनने के लिए पैरवी कराने वाले पदाधिकारी होंगे सस्पेंड

रांची । राजधानी रांची में थाना प्रभारी बनने के लिए पैरवी कराने वाले पुलिस पदाधिकारी सस्पेंड होंगे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी ने बुधवार को क्राइम मीटिंग के दौरान यह बात कही। रांची में कई पुलिस पदाधिकारी अलग-अलग थानों में थाना प्रभारी बनने के लिए अलग-अलग जगहों से पैरवी करवा रहे हैं। ऐसे में एसएसपी ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी तरह की पैरवी हुई तो 24 घंटे के अंदर उन्हें सस्पेंड कर दिया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि इंस्पेक्टर हो या सब-इंस्पेक्टर, जो काम और क्राइम कंट्रोल में बेहतर होगा, उसे ही थाना प्रभारी बनाया जाएगा लेकिन यदि कोई यह सोच रहा है कि पैरवी करके उसे थाना मिल जाएगा, तो यह उसकी गलतफहमी है। उसे सीधे सस्पेंड किया जाएगा।

बालाजी आउटसोर्सिंग कंपनी ने किया आर्थिक अपराध, राशि रिकवरी की जाए: मंत्री

पलामू । मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के खिलाफ कार्रवाई की पूरी संभावना है। बुधवार को एमआरएमसीएच में पुलिस आउटपोस्ट का उद्घाटन करने पहुंचे वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि बालाजी आउटसोर्सिंग कंपनी ने एग्रीमेंट के विपरीत कार्य करके अपराध किया है। इसे आर्थिक अपराध भी कहा जा सकता है। एग्रीमेंट के अनुसार 300 बेड अस्पताल के आलोक में 135 सफाईकर्मी देने थे, लेकिन पिछले दिनों उनके निरीक्षण में मात्र 51 कर्मियों की हाजिरी बनी थी और 47 अनुपस्थित पाए गए थे। इसी तरह 4 जनवरी को डॉ आरके रंजन की जांच में मात्र 12 कर्मी ही पाए गए थे। कभी 12 तो कभी 20 तो कभी 25 की उपस्थिति सफाई कर्मियों की रही है। यह सरकारी राशि का गबन है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक महीने साढे 13 लाख रुपए बालाजी कंपनी को देती है। पैसे लेने के बाद भी बालाजी कंपनी के द्वारा 135 कर्मियों को बहाल नहीं किया गया। ऐसे में यह मामला आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। अधिक भुगतान की रिकवरी की कार्रवाई की जाए और पूरे मामले की जांच की जाए कि अब तक कंपनी के जरिये कितनी सरकारी राशि का गबन किया है। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है।

सड़क के निर्माण की मांग लेकर सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतरे

गुमला । एनएच 23 पलमा - गुमला सड़क चौड़ीकरण के निमित भरनो के पलमाडीपा एलिफेंट अंडर पास ब्रिज के पास तुरीअम्बा पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतरकर सर्विस सड़क बनाने को लेकर आंदोलन किया । ग्रामीणों ने कुछ देर निर्माण काम को भी बंद करा दिया। ग्रामीण ब्रिज के दोनों ओर सर्विस सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं। पूर्व में ही ग्रामीणों ने सर्विस सड़क बनाने की मांग को लेकर एनएचएआई,उपायुक्त गुमला एवं आरकेडी कंपनी को आवेदन दिया है । इस पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है । इसके बाद बुधवार को ग्रामीण सड़क पर उतरे । सूचना पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजीव रंजन,आरकेडी कंपनी के जीएम संदीप सिंह एवं साइड इंचार्ज सुब्रतो दास कार्यस्थल पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी । ग्रामीणों ने कहा कि पलमा डीपा के पास मेन रोड एलिफेंट अंडर पास ब्रिज के दोनों ओर सर्विस सड़क बनाया जाय ,क्योंकि इस सड़क से तुरीअम्बा,मसिया सहित लापुंग,खूंटी के हजारों लोगों का रोजाना आवागमन होता है। साथ ही स्कूली बच्चे,किसान और वृद्धजन भरनो के स्कूल,बैंक आना जाना करते हैं । सर्विस रोड नहीं रहने से सभी को काफी दूर से वापस लौटकर भरनो आना पड़ेगा। जिससे सभी को भारी परेशानी होगी। साथ ही ब्रिज के दोनों ओर दर्जनों घर है। यहां के लोग इस पार से उस पार कैसे जायेंगे। इसपर एनएचएआई के पीडी राजीव रंजन ने कहा कि जो एलिफेंट अंडर पास बनता है ।

पोटका पुलिस ने पिस्तौल तानने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम । पोटका पुलिस ने विश्वरथ सिंह के लिखित शिकायत पर पिस्तौल तानने वाला आरोपी आकाश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता विश्वरथ सिंह ने पोटका पुलिस को सौंपे शिकायत में कहा है कि बीते 3 जनवरी को मैं तिरिलडीह साईट (कार्य स्थल) पर मजदूर से मिलने गया था। यहां एक इंट लदा ट्रक रास्ते पर खड़ा था। ट्रक हटाने के दौरान घोड़ाबांदा निवासी आकाश सिंह गाली गलौज करने लगा, इस मामले में मैं भी कुछ कहा तो आकाश सिंह द्वारा आवेश में आकर मुझपर पिस्तौल तान दिया।

रैश ड्राइविंग करने वालों पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

रांची । तेज रफ्तार में गाड़ी चला कर रील बनाने और स्टंट करने वालों के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस सख्त हो गई है। साथ ही स्टंट करने वालों के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस सख्त कार्रवाई भी कर रही है।इसी के तहत बुधवार को बिरसानगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने सात युवकों पर कार्रवाई की।सभी सातों युवकों पर 50 हजार रुपए का जुर्माना और सातों के ड्राइविंग लाइसेंस को भी रद्द कर दिया गया है। इनमें से 2 युवकों के बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।फिलहाल सातों युवकों के फोन से रील को डिलीट कर पुलिस ने उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया है।

राज्यपाल ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों से किया संवाद

संवाददाता

रांची । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राजभवन में '28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025' में राज्य के प्रतिभागियों से संवाद किया। महोत्सव 10 जनवरी से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। राज्यपाल ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि भारत की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी कला, ज्ञान और कौशल को प्रस्तुत कर राज्य और देश का नाम रोशन करें। आप अपनी प्रतिभा से विशिष्ट पहचान स्थापित करें एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। राज्यपाल ने प्रतिभागियों के साथ स्टार्ट अप से संबंधित उनके विचार साझा किए।

साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वे रचनात्मक सोच और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने प्रतिभागियों को बेहतर पीपीटी प्रस्तुति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुति ऐसी हो जो श्रोताओं में उत्सुकता जगाए और उसमें समाधान प्रस्तुत करने की स्पष्टता हो।

कार्यक्रम में युवाओं ने मेकिंग इंडिया स्टार्टअप कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड, टेक फॉर विकसित भारत, एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग, सोशल एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग सोशल इंडिकेटर, एनहांसिंग प्रोडक्टिविटी इन एग्रीकल्चर विषयों पर पीपीटी प्रस्तुति दी। इस दौरान राज्यपाल ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' के वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मनोज कुमार, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ललिता कुमारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड, छाया रहेगा कोहरा

संवाददाता

रांची । झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची में बुधवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। राज्य के 11 जिलों में 9 जनवरी को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आ सकती है। इसके बाद अगले 2-3 दिन में इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान डाल्टेनगंज में हल्के दर्जे की बारिश हुई। नौ और दस

जनवरी को कोहरा छाया रहेगा जबकि 11 से 14 जनवरी तक कोहरा के बाद आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेंटीग्रेड लातेहार में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य के एक स्थान डाल्टेनगंज में बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी देखा गया।

गुडविल मिशन स्कूल अगले आदेश तक हुआ सील

रामगढ़ । रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत गुडविल मिशन स्कूल को डीसी के आदेश के बाद बुधवार की शाम सील कर दिया गया है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि इस विद्यालय के जरिये सरकारी आदेश की अवहेलना की गई थी जिसकी वजह से बच्चे स्कूल जा रहे थे। सड़क दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन के जरिये यह बड़ी कार्रवाई की गई है। विद्यालय को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दंडाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, अंचल अधिकारी गोला, बीडीओ गोल की उपस्थिति सील कर दिया गया है। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक और प्राचार्य के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई है ।

पांडेय गिरोह गैंगवार में गैंगस्टर की पत्नी सहित दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल

संवाददाता

पलामू । पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में रविवार की रात अपराधियों की अंधाधुंध गोलीबारी में मारे गए पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय और दीपक साव उर्फ ढुल्ला की हत्या के मास्टर माइंड गैंगस्टर किशोर पांडे की पत्नी निशि पांडेय एवं साले निशांत सिंह को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों को रामगढ से गिरफ्तार करके मेदिनीनगर लाया गया एवं जेल भेजने से पहले एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच करायी गयी। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। कोर्ट में पेशी एवं मेडिकल जांच के दौरान बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात थे। गैंगस्टर भरत पांडेय एवं दीपक साव हत्याकांड में रामगढ़ की निशि पांडेय एवं निशांत सिंह नामजद आरोपित हैं। हत्याकांड में शामिल शूटरों की तलाश में पुलिस कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत और दीपक की हत्या की साजिश हजारीबाग जेल में बंद विकास तिवारी ने रची थी। विकास तिवारी भोला पांडेय-किशोर पांडेय गिरोह से ताल्लुक रखने वाला है। फिलहाल यह गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की हत्या के जुर्म में हजारीबाग जेल में आजीवन सजा काट रहा है। इसने ही दोनों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए गुर्गे भेज हत्या करा दी। विकास पांडेय को भोला पांडेय गिरोह का सरगना भी माना जाता है। वह भोला पांडे का भांजा है। पहले भोला पांडे और फिर किशोर पांडे की हत्या के बाद गिरोह का संचालन विकास तिवारी ही कर रहा था। विकास तिवारी रामगढ़ के पतरातू का रहने वाला है।

सीसीएल जीएम तत्काल बंद कराएं अवैध मुहाने, कोयला तस्करों पर हो कार्रवाई : डीसी

रामगढ़ । रामगढ़ जिले में कोयला तस्करी और अवैध कारोबार पूरी तरीके से बंद होगा। बुधवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने इस मामले पर गंभीरता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में आयोजन बैठक में पूर्व में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस क्रम में उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने की सूचना प्राप्त हो तो त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद करें। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर्स को कार्य करने को कहा। पूरे जिले में संचालित क्रेशर की होगी जांच उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान के दौरान जप्त किए गए खनिज का नियमानुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। चिन्हित छह बालू घाटो का जल्द शुरू हो संचालन बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चिन्हित छह बालू घाटों के संबंध में जानकारी दी गई।

जंगली हाथियों ने तोरपा में मचाया आतंक, संत अन्ना कॉन्वेंट की बाउंड्री वाल को तोड़ा

खूंटी । खूंटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले तो गजराज सिर्फ गांव-देहात में ही जान-माल को नुकसान पहुंचाते थे, पर वे शहरों में भी आतंक मचाने लगे हैं। बुधवार को तड़के जंगली हाथियों ने तोरपा प्रखंड मुख्यालय स्थित संत अन्ना कॉन्वेंट के बाउंड्री वाल और बैकुंड षाड़ंगी की बारी दीवार को तोड़ दिया। गनीमत रही कि कोई उनकी चपेट में नहीं आया। बताया गया कि कुछ लोग दो-तीन जंगली हाथियों को खदेड़ते हुए तोरपा की ओर ले आये। हाथियों ने बैकुंठ षाड़ंगी की दीवार को तोड़ते हुए हिल चौक स्थित संत अन्ना कॉन्वेंट स्कूल में घुस गये और उत्तर दिशा की ओर बाउंड्री वाल को तोड़ते हुए बांसटोली की ओर निकल गये। ज्ञात हो कि तोरपा, कर्रा सहित अन्य प्रखंडों में पिछले पांच दशकों से जंगली हाथियों का आतंक बरकरार है। इस दौरा सैकड़ों लोग मारे गये और करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। जंगली हाथियों के आतंक आ आलम यह है कि शाम होने के बाद ही गांव-देहात के लोग घरों में दुबक जाते है और हर ओर सन्नाटा पसर जाता है। सुबह सैर-सपाटे में निकलने वालों ने भी घरों से निकलना बंद कर दिया है। ज्ञात हो कि लगभग एक सप्ताह पहले ही हाथियों ने कर्रा प्रखंड के केदली और छोटा केदली गांव में दो लागों को कुचल कर मार डाला था।

अमन साहू के गैंग ने कमीशन को लेकर चलायी गोली

पलामू । एनएच 39 डालटनगंज-रांची मुख्य पथ पर मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट में फोरलेन टोल निर्माण साइट पर ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में भारत वाणिज्य प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के जरिये बुधवार को अमन साहू के खास गुर्गे मयंक सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि मामला दर्ज कर अपराधियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के आवेदन के अनुसार पूर्व में अंजान नंबर से कॉल आता था पर नजरअंदाज कर देते थे। गोली चलाने वाले नकाबपोश अपराधी राहुल सिंह के कहने पर गोली चलाने की बात कह रहे थे। घटना के कुछ देर बाद अमन साहू के खास मयंक सिंह ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए दो परसेंट कमीशन मांगी थी। इधर, गोलीबारी की घटना से मजदूरों में काफी दहशत है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम 4.30 बजे फोरलेन निर्माण में बन रहे टोल प्लाजा के समीप अज्ञात अपराधियों ने जेसीबी पर छह से सात राउंड गोली चलायी थी, जिसमें से एक गोली छिटक कर काम कर रहे मजदूर सतबरवा थाना क्षेत्र के पोखराहा पूर्णाड़ीह गांव निवासी मनीष कुमार को लग गई थी। मजदूर का इलाज एमआरएमसीएच में चल रहा है।

डुमरिया में 11582 लोगों को कई माह से नहीं मिली पेंशन

पूर्वी सिंहभूम । केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनदेखी के कारण इस बार मकर में भी असहाय एवं जरूरतमंदों को विभिन्न पेंशन योजना का लाभ मिलने के कम ही आसार हैं। अगर पेंशन योजना का लाभ लाभुकों को नहीं मिलता है तो उनका मकर फीका ही रहेगा। पेंशन नहीं मिलने वाले बुजुर्गों का कहना है कि सरकार द्वारा जो लोग कमा सकते हैं, उनको मंईयां योजना का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन जो असहाय एवं गरीब है, उन्हें मात्र एक हजार पेंशन की राशि मिलती है, उनको ही पिछले चार पांच माह से पेंशन बंद कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, उदाहरण के तौर पर डुमरिया प्रखंड को ही लें तो इस प्रखंड में कुल परिवारों की संख्या 12457 है, जबकी कुल आठ प्रकार के पेंशन वाले लोगों की संख्या 11582 है। इसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निःशक्त प्रोत्साहन योजना, आदिम जनजाति पेंशन योजना, राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना एवं राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभुक शामिल है। इस सभी लाभुक को चार पांच माह से ना ही केन्द्र सरकार से ना ही राज्य सरकार से पेंशन का भुगतान किया जा रहा है, जिसके कारण इन सभा हालत दयनीय हो गयी है। इस संबंध में डुमरिया प्रखंड के बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू ने कहा कि सबी पेंशन होल्डरो के बकाया को लेकर सरकार के साथ पत्राचार किया गया है, लेकिन पेंशन के मद में आवंटन नही होने के कारण लाभुको को पेंशन नही मिल पा रहा है।

रांची स्टेशन से 43 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त

रांची । रांची स्टेशन पर मंगलवार देर रात चेकिंग के दौरान 133 बोतल अवैध शराब जब्त किए गए। यह अभियान मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर चलाया गया। चेकिंग के दौरान आरपीएफ की टीम ने देखा कि दो व्यक्ति एस्केलेटर के पास तीन बैग के साथ बैठे हैं। संदेह होने पर बैग की तलाशी ली गई। इसमें भारी मात्रा में शराब की बोतल बरामद हुई। पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने शराब के वैध कागजात भी उपलब्ध नहीं करा पाए। पकड़े गए आरोपी उत्तर प्रदेश निवासी अवधेश कुमार और डोरंडा निवासी शनि तिग्गा ने बताया कि वे रांची से शराब की बोतलों को खरीद कर बिहार में ऊंचे दाम में बेचने के लिए ले जा रहे थे। सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एएसआई रवि शेखर ने जब्ती सूची बनाकर उत्पाद विभाग को सौंप दिया। जब्त की गई।उत्पाद विभाग को सौंप दिया। जब्त की गई शराब का मूल्य 43 हजार रूपये आंकी गई।

बिरनी में पांच घरों में लाखों की चोरी

गिरिडीह । जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के गुरहा गांव में मंगलवार की रात में चोरों ने पांच घरो में लगभग दस लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया । बताया गया कि जिन पांच घरों चोरी हुई है। इनमें रिटायर्ड टीचर भागीरथ विश्वकर्मा, केदार विश्वकर्मा और इनके छोटे भाई नारायण विश्वकर्मा , हरिहर यादव और सहदेव महतो शामिल है। बताया गया कि टीचर भागीरथ विश्वकर्मा और केदार विश्वकर्मा और नारायण विश्वकर्मा के घर से अपराधियों ने चार लाख के जेवर की चोरी कर लिया। तीनों के घर पर रखे 50 हजार नगद से भी हाथ साफ किया। तीनों के घर से 80 हजार के बर्तन समेत अन्य कीमती सामान चुरा लिया। नारायण विश्वकर्मा के घर पहले तल्ले के कमरा का ताला तोड़कर दो लाख का जेवर के 30 हजार के जेवर की चोरी कर ली। जबकि सहदेव यादव और हरिहर यादव के घर पर ही सेंधमारी कर छह लाख के जेवर के साथ नगद की चोरी की । इस बाबत भागीरथ विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में जब सभी खाना खा कर सो गए, दूसरे दिन बुधवार की सुबह उठा तो देखा कि तीनो भाइयों के घर का लॉक टूटा हुआ है। तीनो के घर के कई कमरे का दरवाजा टूटा हुआ है। और सारे कमरे में रखा समान बिखरा पड़ा है।

अपराधियों ने सीसीएलकर्मी की गोली मारकर की हत्या

रामगढ़ । रामगढ़ और हजारीबाग जिले के सीमावर्ती इलाके उरीमारी में अपराधियों ने एक विस्थापित नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। बुधवार को विस्थापित नेता संतोष सिंह की मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। उरीमारी क्षेत्र पोटंगा लुकैयाटांड़ में घात लगाए अपराधियों ने विस्थापित नेता सह सीसीएल कर्मी संतोष सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी है। जानकारी अनुसार बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने विस्थापित नेता को सीने, पेट और सिर में कुल तीन गोलियां मारी है। घायल संतोष सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उरीमारी क्षेत्र में कोयला और लोकल सेल से जुड़े संतोष सिंह को अपराधियों द्वारा पहले भी धमकी दी जा चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि लेवी को लेकर संतोष सिंह की हत्या कर दी गई हैं।बरका सयाल क्षेत्र मे कई दिनों से अपराधियों की दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ है। मौके पर उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू कर चुके है।

झामुमो ने मनाया अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव का शहादत दिवस

रांची । झामुमो जिला समिति के द्वारा बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस मनाया। आयोजन चुट्टपालू शहीद स्थल पर किया गया। मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि शहीदों ने अंग्रेजों से लड़कर अपनी शहादत दी हैं, वे हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। इसी क्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि झारखंड शहीदों की धरती है। गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हमारे झारखंड से अनेक वीर शहीदों ने राज्य ही नहीं, बल्कि देश की लड़ाई में सर्वस्व निछावर कर दिए। खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रामगढ़ विधायक ममता देवी ने भी अपने विचार रखे। मौके पर अश्विनी शर्मा, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, जिला सचिव सुजीत कुजूर के अलावा अशोक मुंडा, साजिद कौसर, महावीर विश्वकर्मा और नरेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

सांसद खेल महोत्सव का केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया शुभारंभ

कोडरमा । सांसद खेल महोत्सव 2025 का उद्घाटन बुधवार को सीएच प्लस टू हाई स्कूल मैदान में हुआ। केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और खेलो इंडिया अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि यह महोत्सव खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर प्रदान करेगा। महिला कबड्डी में शहीद भगत सिंह अकादमी, कोडरमा और कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरी तिलैया के बीच खेले गए मुकाबले में शहीद भगत सिंह अकादमी ने 36-15 से शानदार जीत दर्ज की। रेफरी की भूमिका में रामू कुमार, नवाज दिलशन, विल्सन पॉल, नयन कुमार और सौरभ कुमार ने खेल को कुशलता से संचालित किया। फुटबॉल मुकाबला वाईबीसी और चराडीह स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में चाराडीह स्पोर्टिंग क्लब ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच का खिताब चाराडीह स्पोर्टिंग क्लब के इंद्रजीत पांडे को दिया गया। इस मैच में रेफरी राजेंद्र कुमार, दिलीप राम और संजय पासवान ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारकर उन्हें बड़ा मंच प्रदान करना है। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिए यह महोत्सव एक सुनहरा अवसर है। कार्यक्रम में रमेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अनुप जोशी, राजकुमार यादव, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, मयंक यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

उधवा ने धुलियान टीम को हराकर जीता फाइनल का खिताब, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा। झारखंड जेएमएम चैंपियन ट्रॉफी का खिताब बुधवार को उधवा टीम ने हासिल किया है। जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिला के हिरणपुर मैदान में झारखंड जेएमएम चैंपियन ट्रॉफी के द्वारा 16 टीम का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइनल मुकाबला पश्चिम बंगाल के धुलियान बनाम उधवा टीम के बीच खेला गया। जिसमें उधवा टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 225 रन का लक्ष्य दिया। इस दौरान धुलियान टीम ने 18 ओवर में 145 रन बनाकर ऑल आउट हो गया। वही उधवा टीम ने 80 रन से जीत हासिल किया। जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधि ने चेक व कप देकर सम्मानित किया। उधर, मैन ऑफ द मैच राजमहल के अविनाश कुमार को दिया गया। उधवा टीम के वॉइस कप्तान बंकिम उर्फ बिट्टू ने कहा कि पहला मैच से ही हमारा टीम अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। साथ ही हिरणपुर के दर्शक भी उधवा टीम का सपोर्ट किया है जिससे खिलाड़ियों का खास मनोबल बढ़ा है। उन्होंने खेल के आयोजकों का आभार व्यक्त किया है। मौके पर खिलाड़ी इमाम,अतिकुल,सद्दाम,रोहित,प्रताप, अनिकुल, फिटू ,कुंदन ,महादेव सहित अन्य रहें।

सदर अस्पताल में वायरस मरीजों के लिए छः बेड तैयार

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज जिले के बड़े सदर अस्पताल में ह्यूमन मेटाप्नेयूमो वायरस एचएमपीवी को लेकर अलर्ट है.जिसको लेकर अस्पताल के वेयरहाउस के निचली तल्ला में छः बेड का एचएमपीवी वार्ड तैयार किया जा चुका है. वही सिविल सर्जन कार्यालय के द्वारा ह्यूमन मेटाप्नेयूमो वायरस एचएमपीवी को लेकर स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की गई है.जहाँ साहिबगंज सदर अस्पताल के प्रशासनिक डीएस डा मुकेश कुमार के द्वारा बुधवार को ह्यूमन मेटाप्नेयूमो वायरस एचएमपीवी को लेकर सदर अस्पताल परिसर स्थित वेयर हाउस के हॉल मे छः बेड का एचएमपीभी वार्ड तैयार कराया गया है.ताकि अगर जिले मे ह्यूमन मेटाप्नेयूमो वायरस का मरीज मिलता है तो उक्त मरीज को एचएमपीवी वार्ड मे रखकर समुचित इलाज किया जा सके.इस संबंध मे सदर अस्पताल के प्रशासनिक डीएस डा मुकेश कुमार ने बताया कि अभी छः बेड का एचएमपीवी वार्ड तैयार कराया गया है.जरूरत पड़ने पर उक्त वार्ड मे 20 बेड तक लगाया जा सकता है बता दे कि चीन में फैला ह्यूमन मेटाप्नेयूमो वायरस एचएमपीवी झारखंड के काफी करीब आ चुका है कोलकाता में एक मामला सामने आया है वायरस की संभावित खतरे को देखते हुए झारखंड अलर्ट मोड में आ गया है हेल्थ डिपार्टमेंट भी सजग हो गया है राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स सहित राज्य के सदर अस्पतालों को भी अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है7जिसको लेकर साहिबगंज जिले के बड़े सदर अस्पताल में तैयारी किया गया है।

अधिवेशन की सफलता को लेकर जिलाध्यक्ष की बैठक सम्पन्न

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज बुधवार को जिले के तालझरी प्रखंड अंतर्गत मोती झरना स्थित बजरंगबली मंदिर की चबूतरा में झारखंड मजदूर संघ (प्रजा0)जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रस्तावित 9 फरवरी 2025 को साहिबगंज में जिला अधिवेशन की सफलता के बारे में लेकर बैठक हुई।इस बैठक मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी को होने वाले अधिवेशन में प्रत्येक सदस्य को कम से कम 5 सदस्य को लेकर जाना है।वही संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने झारखंड सरकार से मोती झरना मोती धाम मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि उक्त स्थल में जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है जिससे भक्तजनों को आने जाने में कोई कठिन ना हो सके।वही जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने कहा कि 16 जनवरी से 31 जनवरी के बीच सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय बैठक बुलाकर प्रखंड कमेटी का चयन करना है।बैठक में राजेंद्र कुमार मंडल तिलकाय मुर्मू,ओमलता देवी,रोमा देवी,तबस्सुम परवीन,अंजु देवी,मीरा देवी,मुन्नी देवी,रिजवान बेबी,उषा देवी,सीता देवी,कविता देवी,संतोषी देवी,विश्वनाथ मंडल,सुरेन मंडल सहित कई लोग मौजूद थे।

चिरेका लेबर यूनियन की मांग- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए

चित्तरंजन- चिरेका लेबर यूनियन ने 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में घोषित करने की मांग की है। यूनियन के महासचिव राजीव कुमार गुप्ता ने 7 जनवरी 2025 को चिरेका के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप की अपील की। पत्र में उन्होंने बताया कि नेताजी का योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय है और उनकी जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है। हालांकि, यह अफसोसजनक है कि यह दिन अभी तक चिरेका और अन्य संस्थाओं के अवकाश सूची में शामिल नहीं किया गया है। यूनियन ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं- पहला, 23 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए, और दूसरा, अगर यह संभव न हो तो रविवार के काम के बदले अवकाश दिया जाए। यूनियन ने नेताजी की याद में इस कदम को अत्यंत आवश्यक बताया है।

वल्चर्स क्रिकेट क्लब ने 5 रनों से दर्ज की जीत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में बुधवार को नार्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब बनाम वल्चर्स क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। वल्चर्स क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए।

31.3 ओवर में 201 रन बना कर ऑल आउट हो गई। संतोष ने 59, आशीष रंजन ने 38, समर शर्मा ने 21, तारिक ने 18, अरशद ने 13 व कृष ने 18 रनों की पारी खेली। नार्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज सचिन ने 4, अमित ने 3, मतिउर्रह्मान, जयदेव व अंकित ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नार्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब की टीम 34.5 ओवर में 196 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सौरभ ने 34, सचिन ने 12, अमित ने 18, अंकित ने 34, आनंद ने 15, सतीश ने 11, मतिउर्रह्मान ने 18, अमित मल्लिक ने 11 व अविनाश ने 18 रनों की पारी खेली। वल्चर्स क्लब के गेंदबाज राजकुमार ने 3, प्रणव व मुजाहिद ने 2-2 व कृष व तारिक ने 1-1 विकेट लिया। वल्चर्स क्लब ने 5 रनों से जीत हासिल की। वल्चर्स के खिलाड़ी राजकुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ कमल महावर ने राजकुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग सुधीर कुमार शुद्ध व ओंकार तिवारी एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, प्रभाकर कुमार, राकेश रोशन, पवन कुमार राम, चंदन कुमार, आदित्य, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, सागर सुमन, मो जुनैद, व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि गुरुवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम छत्रपति शिवाजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

उपायुक्त ने किया विधायक का स्वागत, विकासशील योजनाओं पर की चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल। जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा को पुष्प गुच्छ देकर अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को स्वागत किया ।इस दौरान राजमहल विधानसभा के प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के कई विकासशील मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही समस्याओं का निष्पादन पर चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क सहित खेलकूद एवं पर्यटन के क्षेत्र में जो जिला के माध्यम से बजट निर्धारित कर किया जा सकता है वैसे योजनाओं को क्रियान्वयन करवाने की बात कही। वहीं उपायुक्त महोदय ने भी कहा कि विभिन्न विकासशील योजनाओं के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं अभियंता से रिपोर्ट संग्रह कर योजना का क्रियान्वयन कराया जाएगा।मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष आदरणीय शाहजहां अंसारी जी व झामुमो नेता आदरणीय मारूफ गुड्डू जी मौजूद थे।

ई रिक्शा के टक्कर से आठ वर्षीय बच्चा हुआ घायल, हायर सेंटर रेफर

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज जिले के मदनशाही व निरापाड़ा के बीच सड़क दुर्घटना में आठ वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया घायल बच्चा के परिजनों ने इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सा के द्वारा प्राथमिक की इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया बताया जा रहा है कि मदनशाही गांव निवासी जगन बेसरा के आठ वर्षीय पुत्र राकेश बेसरा मदनशाही ट्यूशन पढ़ने के लिए गया था. लौट के दौरान मदनशाही व निरापाड़ा के बीच ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया घायल बच्चा के पिता जगन बेसरा ने बताया कि ट्यूशन पढ़कर बेटा लौट रहा था.और ई रिक्शा पर ताड़ी, ई रिक्शा चालक ले जा रहा था.उसी दौरान टक्कर मार दिया टक्कर लगने से पुत्र के सिर व पैर में गंभीर चोट लगी है. सदर अस्पताल में प्राथमिक की इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया 7

आगलगी की घटना में एक घर जलकर राख, लाखों की संपत्ति का नुक़सान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी प्राणपुर पंचायत अंतर्गत खासमहल कार्तिक टोला गोलढाब चुआर में मंगलवार देर रात आग लगने से एक घर जलकर राख हो गया। घटना में लाखों की संपत्ति का नुक़सान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि आग कैसे लगी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी है।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कार्तिकटोला निवासी नरेश मंडल उर्फ़ खलीफा के घर में मंगलवार रात करीब आठ बजे अचानक आग लाग जाने से टट्टी फूस टीन बनी दो कमरा पूरी तरह से जलकर रख हो गया। अग्नि पीड़ित ने बताया कि घर में रखा नगद 30 हजार रुपये जल गया। साथ ही मेरे घर में रखे पानी पटाने वाला दो चाइना मशीन जल गया। इसके अलावा घर में रखे अनाज बिछावन बर्तन कपड़े सहित अन्य हजारों का सामान जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझा पाते तबतक काफी देर हो चुकी थी, और एक घर जलकर पूरी तरह राख हो गया। इधर घटना की सूचना पाकर समाजिक कार्यकर्ता सह वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सायेद अली ने घटना स्थल पर जाकर घटना की जानकारी लेते हुए दुःख व्यक्त की,और पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की भरोसा दिया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक मदद देने की मांग किया है।

बिहार के शेखपुरा से अरशद नसर गिरफ्तार

साहिबगंज बुधवार जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता सैय्यद अरशद नसर को बिहार के शेखपुरा स्थित चढ़िहारी गांव से गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी के पुअनि दीपक क्रिएशन व लव कुमार ने वहां छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने 21 दिसम्बर को सैयद अरशद नसर के ख़िलाफ़ जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 204/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके पूर्व भी खनन पदाधिकारी किस्कू ने अरशद के ख़िलाफ़ जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या104/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस उसे लेकर अभी तक यहां नहीं पहुंची थी।

घरेलू विवाद में बेटा व समधि ने अपने मां को मारपीट कर किया घायल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज जिले के महाराजपुर मोती झरना निवासी महिला को घरेलू विवाद में बेटा व समधि ने मारपीट कर किया घायल, अस्पताल में भर्ती बताया जा रहा है कि महाराजपुर मोती झरना निवासी शेख आंसर कि 40 वर्षीय पत्नी खैरून बीवी को अपनी ही बेटा व समधी ने मारपीट कर घायल कर दिया घायल महिला के पति शेख आंसर ने आरोप लगाते हुए बताया कि इससे पहले कई बार घरेलू विवाद में झगड़ा लड़ाई हुई थी.और मेरी पत्नी को मारपीट कर घायल भी कर दिया था. मैं गाड़ी चालक ड्राइवर हूं मैं घर से बाहर हमेशा रहता हूं.वही आज फिर बुधवार को बेटा व समधि के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया फिलहाल घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है 7

जनवरी 11 से 12 को होगी संगोष्ठी

साहिबगंज बुधवार को प्रोफेसर कमल कुमार माहवार ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर बताया कि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना एवं इंडियन काउंसिल आफ हिस्टॉरिकल रिसर्च तथा झारखंड सरकार के संयुक्त कोलैबोरेशन से रांची विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड के विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में ÷महिला इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी ÷ ÷भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श ÷पर दिनांक 11- 12 जनवरी 2025 को संगोष्ठी होने जा रही है। इस सेमिनार में भाग लेने के लिए साहिबगंज से प्रो कमल कुमार महावर एकेडमीक काउंसलर -इग्नू, इतिहास विभाग -केंद्र साहिबगंज कॉलेज सह-प्रदेश उपाध्यक्ष, इतिहास संकलन समिति ,झारखंड प्रदेश इस सेमिनार में शिरकत करेंगे।प्रो.महावर ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष -प्रो.देवी प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारि अध्यक्ष प्रो.ईश्वर शरण विश्वकर्मा, राष्ट्रीय महासचिव- हेमंत सिंह मजूमदार, राष्ट्रीय संगठन सचिव -डॉ बालमुकुंद पांडे, राष्ट्रीय सह संगठन सचिव - संजय कुमार कुमार मिश्रा तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रदेशों से महिला इतिहासकार व शिक्षाविद् राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की मेजबानी इतिहास संकलन समिति झारखंड प्रदेश करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान लोकपाल ने सामाजिक अंकेक्षण के तहत लगाया जुर्माना।

मंडरो,साहिबगंज।प्रखंड सभागार में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2020-21,21-22, 22-23 का प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन प्रभारी प्रखंड प्रमुख शीला देवी की अध्यक्षता में किया गया।जिसमें जूरी मेंबर के तौर पर साहिबगंज लोकपाल गोपीनाथ प्रसाद,सिमडा ग्राम प्रधान बाबूलाल हांसदा,प्रखंड प्रभारी प्रमुख शीला देवी,अर्चना देवी की उपस्थिति में प्रखंड के पूर्व व वर्तमान सहायक अभियंता,कनीय अभियंता, रोजगार सेवक,पंचायत सचिव से योजना के विभिन्न जुर्माना लगाते हुए कुल 63 हजार रुपये का जुर्माना वसूली किया गया।वहीं प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई के बाद लोकपाल गोपीनाथ प्रसाद ने बताया कि कार्य का प्राक्कलन के हिसाब से काम नहीं होना, सूचना पट मे योजना का नाम अंकित नहीं होना,जॉब कार्ड का नवीनीकरण नहीं करना,नया जॉब कार्ड इशू नहीं करना, योजना की गुणवत्ता को सही ढंग से नहीं करना ऐसे सब मुद्दों पर सामाजिक अंकेक्षण के तहत जुर्माना वसूली की गई।मौके पर जूरी मेंबर में साहिबगंज लोक पाल गोपी प्रसाद,डीआरपी शंकर दास,प्रखंड प्रभारी प्रमुख शीला देवी,ग्राम बाबूलाल हांसदा,स्वयं सहायता समूह के महिला अर्चना देवी,बीपीओ अभिषेक आनंद,प्रखंड के निवर्तमान कनीय अभियंता योगेश कुमार, रंजन कुमार,पंचायत सचिव पोरेष घोष,प्रखंड की रोजगार सेविका क्रिस्टीना हांसदा,आरिफ अहमद,अशोक कुमार सिंह, कंप्यूटर सहायक संजय चौरसिया,आशिष भगत सहित कई कर्मी मौजूद थे।

वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को भी मिलना चाहिए हर महीने 2500 रुपए - बाबूलाल मरांडी

फतेहपुर (बुधवार को दुमका जाने के क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी फतेहपुर मोड़ पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कल जामताड़ा में मीटिंग था और आज दुमका में मीटिंग है। कहा कि इस समय पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। और यहां भी हमने रुक कर सबों से आग्रह किया है कि तेजी से सदस्य बनाएं। कम से कम हर पोलिंग बूथ में 200 सदस्य बनाएं तथा चार सक्रिय सदस्य बनाएं। वही वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर कहा कि चार पांच महीने से वृद्ध एवं विधवाओं को पेंशन नहीं मिली है। समय पर पेंशन नहीं मिलने के कारण बूढ़े बुजुर्गों को जीवन यापन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को भी हर महीने 2500 रुपए पेंशन मिलना चाहिए। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता माधव चंद्र महतो, विष्णु मंडल, सुखमणि हेंब्रम, किरण बेसरा, अमित भैया, प्रमोद गोस्वामी, शोभा कुमारी, महावीर मोदी, हराधन मंडल, राजेश मंडल, हलधर मंडल आदि मौजूद थे।

भ्रष्टाचार को लेकर जल्द आंदोलन करेगी भाजपा : माधव चंद्र महतो

फतेहपुर, (जामताड़ा) । बुधवार को फतेहपुर चौक पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता माधव चंद्र महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार बनने के एक महीना पार होते-होते चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार का ही आलम देखा जा रहा है। कहा कि मनरेगा में लूट मचा हुआ है। मनरेगा दरअसल एक कानून है लेकिन इस कानून को वर्तमान सरकार एवं यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि के संरक्षण में यहां का प्रखंड कार्यालय किस प्रकार आतंक में डूबा हुआ है। यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह चिंता का विषय है और बहुत जल्द भारतीय जनता पार्टी के मंडल इकाई फतेहपुर इस विषय को संज्ञान में लेकर आंदोलन की रणनीति बनाने की तैयारी कर रहा है। मौके पर भाजपा नेत्री किरण बेसरा, सुखमणि हेंब्रम, प्रमोद गोस्वामी, अमित भैया, राजेश मंडल, शोभा कुमारी, हराधन मंडल आदि मौजूद थे।

मिहिजाम में मां चंचला महोत्सव की तैयारियां, 16 जनवरी को होगी भव्य कलश शोभा यात्रा

मिहिजाम- मिहिजाम स्थित शिव मंदिर परिसर में बुधवार को 16 जनवरी को होने वाली मां चंचला की 12वीं त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव के तहत कलश शोभा यात्रा की भव्य तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से महोत्सव के मुख्य जजमान वीरेंद्र मंडल और मिहिजाम महोत्सव मंडली के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई और शोभा यात्रा को ऐतिहासिक रूप में मनाने के लिए आवश्यक कदमों पर विचार किया गया। इस बार महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, जो श्रद्धा और उल्लास के साथ इस भव्य यात्रा का हिस्सा बनेंगे। मौके पर मुकेश कुमार यादव, अनिमेष मधुकर, कमल गुप्ता, अरुण दास, विजय मंडल, ओम प्रकाश उर्फ लालू यादव, श्याम सिंह, पहलाद रजक, काजू शर्मा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने महोत्सव की सफलता के लिए विचार-विमर्श किया। इसके अलावा, महिला और युवा कार्यकर्ता जैसे रीता शर्मा, ब्यूटी सिंह, पूनम देवी, सुनीता रावत भी बैठक में शामिल थे।

दस टीबी मरीज को लिया गोद

मंडरो,साहिबगंज। प्रखंड प्रमुख व पंचायत समिति सदस्यों ने टीबी मुक्त अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड के कुल 10 मरीज को गोद लिया।जिसमें सभी मरीजों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया।जिसमें 4 टीबी के मरीज को प्रभारी प्रमुख शीला देवी,दो पंचायत सचिव एक बच्चा पंचायत समिति सदस्य प्रेम मुर्मू के द्वारा गोद लिया गया।सभी टीबी के मरीजों को पोष्टीक आहार मे चावल,आलू,अंडा,सरसों तेल एवं सोयाबीन बरी सहित कई अन्य सामानों का वितरण किया गया। वहीं सीएचओ मोहन सिंह जाटव के द्वारा बताया गया, कि दस टीबी के मरीज राम प्रसाद तुरी,रेखा कुमारी,मरांग कुड़ी हेंब्रम,दुलारी मुर्मू,देवी पहाड़ी, मोहम्मद आलम अंसारी,दिनेश किस्कु,गंगा पहाड़ियां सहित कुल 10 टीबी पीड़ित मरीजों को खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई।मौके पर सीएचओ मोहन सिंह जाटव, टीबी सुपरवाइजर रित्विक आनंद,प्रमुख शीला देवी,शिव शंकर गुप्ता सहित कई उपस्थित थे।

ट्रैक्टर दुर्घटना, चालक और महिला की मौत, तीन मजदूर घायल

मिहिजाम- मिहिजाम के कोलपाड़ा इलाके में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। ट्रैक्टर के पलटने से चालक और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल इलाज के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। यह दुर्घटना सुबह लगभग आठ बजे हुई, जब ट्रैक्टर (जे एच 21 बी 4517) का चालक चंद्रदीपा से मिहिजाम की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर में कुछ मजदूर सवार थे, जो ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रा कर रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर कोलपाड़ा के पास पहुंचा, चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर सड़क से नीचे पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर के चालक और एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी मिहिजाम पुलिस को दी, और पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा। मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने अस्पताल में भर्ती घायलों का हालचाल लिया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोग मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस ने भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

गुडविल मिशन स्कूल अगले आदेश तक हुआ सील

रामगढ़ (हि.स.)। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत गुडविल मिशन स्कूल को डीसी के आदेश के बाद बुधवार की शाम सील कर दिया गया है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि इस विद्यालय के जरिये सरकारी आदेश की अवहेलना की गई थी जिसकी वजह से बच्चे स्कूल जा रहे थे। सड़क दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन के जरिये यह बड़ी कार्रवाई की गई है।

दक्षिण पूर्व रेलवे-ठिका

ई-एनआईटी सं. एसटी-आरएनसी-एस12-आरटी9एनएचएआई, मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची होतेते नोवाको कामी लागित् ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुमः** 'राँची मंडल रेयाक् पिस्का-इटकी स्टेशन ताला रे किमी सं. 432/7-8 रे लेवल क्रॉसिंग आरटी-9 जायगा रे 4 लेन आरओबी बेनाव' बाखरा एस एंड टी (संकेत आर दूरसंचार) **कामी पुराउ। ठिका रेयाक्** पूंजीः रु. 69,30,748.82, **बायान पायसाः** रु. 1,38,600/- **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **ई-ठिका रेयाक् मुचात् तारीक आर सोमोयः** माहित 31.01.2025 हिलोक् 11.00 बजे। **बोली एहोबोक् रेयाक्** तारीकः माहित 17.01.2025, **वेबसाइट रेयाक् बिवरोनः www.ireps.gov.in** कामी ठिका लागित्। (PR-994)

मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का शैक्षिक पुनर्जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने और वैश्विक पटल पर मजबूती से उभरने के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल की हैं। विदेशी छात्रों के लिए आरंभ की गई ÷ई-छात्र वीज़ा÷ और ÷ई-छात्र-एक्स÷ वीज़ा योजनाएं इस दिशा में एक अद्वितीय मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। ÷ई-छात्र वीज़ा÷ भारत में उच्च शिक्षा के इच्छुक विदेशी छात्रों को आमंत्रित करता है, जबकि ÷ई-छात्र-एक्स÷ वीज़ा उनके परिजनों को साथ रहने की सुविधा देकर उन्हें आत्मीयता का अहसास कराता है। यह अनूठा कदम भारत को एक मैत्रीपूर्ण, समावेशी और विश्वस्तरीय शैक्षणिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा का अनुपम केंद्र रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे महान विश्वविद्यालयों ने न केवल भारतीय शिक्षा की उत्कृष्टता का प्रमाण दिया, बल्कि इसे विश्वभर में एक आलोक स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस गौरवमयी परंपरा को आधुनिक युग में पुनर्जीवित करने का दृढ़ संकल्प लिया है। उनकी डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत ÷स्टडी इन इंडिया÷ (स्ढ्ढ) पोर्टल की शुरुआत, शिक्षा के क्षेत्र में भारत को पुनः वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह पोर्टल विदेशी छात्रों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करता है, जहां वे अपनी पसंद के विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। साथ ही, वीज़ा प्रक्रिया को त्वरित, सरल और पारदर्शी तरीके से पूरा कर सकते हैं। यह पहल छात्रों के अनुभव को सहज, सुलभ और सुखद बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।विदेशी छात्रों के लिए वीज़ा प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने का यह अभूतपूर्व प्रयास भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इन छात्रों की उपस्थिति से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि उनके दैनिक जीवन की आवश्यकताओं, जैसे आवास, भोजन, परिवहन और अन्य सेवाओं पर होने वाला खर्च स्थानीय व्यवसायों और उद्यमों को सशक्त करेगा। इसके साथ ही, यह पहल सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगी। विभिन्न देशों और पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्र भारत की बहुरंगी संस्कृति, प्राचीन परंपराओं और अतुलनीय आतिथ्य भावना का अनुभव करेंगे। यह ÷वसुधैव कुटुंबकम्÷ के शाश्वत संदेश को साकार करने में सहायक होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यशैली में दूरदृष्टि, नवाचार और समग्रता का अद्वितीय समन्वय झलकता है। उनकी नीतियां भारत को शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में सशक्त कदम उठा रही हैं। वीज़ा प्रक्रिया को सरल बनाकर और छात्रों के परिजनों को ÷ई-छात्र-एक्स÷ वीज़ा के माध्यम से साथ रहने की अनुमति देकर, उन्होंने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जो शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों को संभव बनाता है।÷ई-छात्र वीज़ा÷ विदेशी छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और तकनीकी शिक्षा में अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह पहल न केवल भारत की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ और समावेशी बना रही है, बल्कि वैश्विक छात्रों के लिए भारत को एक आदर्श शिक्षा केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भारत में विदेशी छात्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि भारत की शिक्षा प्रणाली की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। वर्ष 2023 में, भारत ने 13,126 से अधिक विदेशी छात्रों को शिक्षा प्रदान की। ये आंकड़े भारतीय विश्वविद्यालयों की उत्कृष्टता को प्रमाणित करते हैं, जो वैश्विक मानकों पर खरा उतरने की दिशा में प्रगति कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत विकसित ÷स्टडी इन इंडिया÷ पोर्टल न केवल आवेदन प्रक्रिया को सहज और त्वरित बनाता है, बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक और सुदृढ़ भी करता है। यह नीति शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर केंद्रित है। इन पहल से भारत को एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है।

महिला सम्मान की उम्मीद और इनसे ?

निर्मल रानी

हमारे समाज में महिला हितों व उनके सम्मान की बातें यदि किसी वर्ग द्वारा सबसे अधिक की जाती हैं तो वह है देश का राजनैतिक वर्ग। इन्हीं के मुंह से समय समय पर महिला सम्मान में ऐसे ऐसे लुभावने शब्द गढ़े व निकाले जाते हैं जिन्हें सुनकर एक बार तो यही धोखा होता है कि भारतीय पुरुषों विशेषकर राजनेताओं से अधिक महिला सम्मान की चिंता तो शायद पूरी दुनिया में किसी को भी नहीं होगी।कभी कन्या पूजन,कभी देवी कभी पूज्या कभी लाडली बहना,कभी लखपति दीदी तो कभी प्यारी दीदी कभी आधी आबादी जैसे अनेक लोकलुभावन नामों से पुकारा जाता है तथा उनके हित में ऐसे ही नामों की योजनायें भी चलाई जाती हैं। परन्तु सही मायने में यह सभी राजनैतिक प्रपंच केवल महिलाओं के वोट बैंक साधने मात्र के लिए ही किये जाते हैं। इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की वास्तव में क्या इज़्ज़त है इसे समझने के लिये केवल एक ही तर्क पर्याप्त है कि भारत में प्रचलित लगभग सभी गलियां महिलाओं को ही केंद्रित कर गढ़ी गयी हैं। मां बहन की गालियां तो लोग देते ही हैं परन्तु यदि सबसे हल्की गाली यानी कोई किसी को साला भी कहता है तो भी वह उसकी बहन को ही गरिया रहा होता है। सदियों से ऐसे ही धारणा पाले हुये इस पुरुष प्रधान समाज से महिलाओं द्वारा मान सम्मान आदर सत्कार सुरक्षा या संरक्षण की उम्मीद करना क़तई बेमानी है और यह महिलाओं द्वारा केवल अपने को धोखे में रखना है। काफ़ी दिनों से एक प्रवृति यह भी देखी जा रही है कि पहले लोग अपनी विकृत सोच को अपने ज़हरीले बोल के द्वारा बाहर निकलते हैं। उसके बाद जब उन की बदकलामी के चलते उनपर दुनिया थूकने लगती है तो बड़ी ही चतुराई से यह सधे हुये शब्दों में मुआफ़ी मांगकर बगुला भगत बन जाते हैं। जैसे अभी पिछले दिनों दिल्ली भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा किया गया। रमेश बिधूड़ी 2014 व 2019 में दो बार दक्षिणी दिल्ली से सांसद रह चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी तो नहीं बनाया था परन्तु इस बार बिधूड़ी को भाजपा ने कालकाजी विधानसभा सीट से संभवतः अपना प्रत्याशी तो बनाया है परन्तु उनकी बदज़ुबानी के चलते उन्हें चुनावी मैदान से हटाये जाने की ख़बरें सुनाई देने लगी हैं। पिछले दिनों रमेश बिधूड़ी ने अपने चुनाव क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि- लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। दूसरी सभा में विधुड़ी ने अपने विरुद्ध आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सरनेम को लेकर इसी तरह की ओछी टिप्पणी करते हुये उनके बुज़ुर्ग पिता तक को अपनी घटिया टिप्पणी में शामिल कर लिया। उसके बाद बड़ी ही शातिराना अंदाज़ में मुआफ़ी मांगकर मामले को रफ़ा दफ़ा करने की कोशिश की परन्तु तब तक उनके भीतर का विकार बाहर निकल चुका था। अपनी व अपनी पार्टी की घोर फ़ज़ीहत के बाद विधुड़ी ने यह कहकर अपना मुंह छुपाने की कोशिश की कि - ÷मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूँ। इसी भाजपा के दिल्ली के नेता प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान शाहीन बाग़ के आंदोलन का ज़िक्र करते हुये यहाँ तक कह दिया था कि -दिल्ली के लोगों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। ये लोग आपके घरों में घुसेंगे, आपकी बहन-बेटियों को उठाएंगे, रेप करेंगे, उनको मारेंगे। इसी तरह भाजपा के बंगलुरु से फ़ायर ब्रांड सांसद तेजस्वी सूर्य ने 2015 में ट्वीट कर अपना अधकचरा ज्ञान सांझा करते हुये कहा था कि - 95 प्रतिशत अरब महिलाएं ऐसी हैं जिन्होंने पिछले कई वर्षों में ऑर्गज़्म (कामोत्तेजना की चरम अवस्था) का अनुभव नहीं किया है। हर मां ने बच्चे बस सेक्स की वजह से पैदा किए हैं न कि प्यार की वजह से। सूर्या की इस घटिया व निम्न स्तरीय टिप्पणी के बाद कई अरब देशों ने इस बयान पर आपत्ति जताई थी। गोया ऐसे बयानों से न केवल महिलाओं के प्रति इनकी दुर्भावना व ओछापन ज़ाहिर होता है बल्कि यह देश की बदनामी का भी सबब बनते हैं। याद कीजिये हमारे देश में महिलाओं को नमन करने का ढोंग करने वाले ऐसे नेताओं द्वारा कौन कौन से भद्दे बोल नहीं बोले गये ? किसी नेता ने कांग्रेस की विधवा शब्द का इस्तेमाल किया किसी ने 50 करोड़ की गर्ल फ़्रेंड कहकर महिला समाज को नीचा दिखने का प्रयास किया। कभी विधवा विलाप शब्द इस्तेमाल किये गये तो किसी ने महिलाओं को टंच माल बताया। कभी मंगलसूत्र पर प्रहार किया गया तो कभी महिलाओं को मुजरा करने से जोड़ा गया। किसी ने मंडी का भाव पूछा तो किसी ने महिलाओं के लिये परकटी शब्द का प्रयोग किया। न जाने कितने सांसद,विधायक व मंत्री,पाखंडी धर्मगुरु,उच्चाधिकारी आदि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी हैं और रहे हैं। कोई अपनी पत्नी को त्याग कर देश की महिलाओं के कल्याण की बातें कर रहा है तो कई बिन ब्याहे नेता लोगों को घर गृहस्थी का सलीक़ा सिखा रहे हैं। मणिपुर में देश की महिलाओं के साथ जो दुष्कृत्य वहां की शासन व्यवस्था की नाकामी के कारण लंबे समय से होते आ रहे हैं उसे लेकर पिछले दिनों 18 महीने बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने ऐसी घटनाओं पर पीड़ितों से मुआफ़ी मांग कर अपनी ज़िम्मेदारी पूरी कर दी। और इन सबसे शर्मनाक बात यह भी है कि महिलाओं के पक्ष विपक्ष की बातें भी अब दलीय स्तर पर होने लगी हैं। यानी मणिपुर की महिलाओं से नग्न परेड कराई जाती है तो भाजपाई महिला नेत्रियाँ मणिपुर की महिलाओं पर चिंता व्यक्त करने या उन हालत पर आक्रोशित होने के बजाये यह ढूंढने लग जाती हैं कि किस ग़ैर भाजपा शासित राज्य में महिलाओं के साथ ज़्यादती हुई है। उस तरह के मामलों को उठा कर मणिपुर की महिलाओं के हालात का काउंटर करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में इन अवसरवादी व सत्ता लोभी राजनीतिज्ञों से महिला सम्मान की उम्मीद रखना कितना व्यवहारिक

नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे

ललित गर्ग

प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है ÷विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान÷। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊर्जावान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है।दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था।

नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडियास्पोरा' का अभूतपूर्व योगदान रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस

उत्पाद विभाग के लगातार छापेमारी से अवैध महुआ दारू बेचने और बनाने वाले में हरकम

हिरणपुर (पाकुड़)उत्पाद विभाग के द्वारा बुधवार को छापेमारी की गई, इस क्रम में कुल 22 लीटर अवैध चुलाई महुआ दारू और 40 किलो जावा महुआ जप्त हुई है, छापामारी अवर निरीक्षक उत्पाद विक्रम कुमार साह के नेतृत्व में की जा रही थी।इस संबंध में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक विक्रम कुमार साह ने कहा कि हिरणपुर हटिया से 9 लीटर महुआ दारू जप्त किया गया है, जबकि जबरदाहा गांव के देवी मरांडी के घर से अवैध महुआ दारू 13 लीटर सहित 40 किलो जावा महुआ जप्त किया गया है, हालांकि इस क्रम में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, पूछे जाने पर बताएं कि देवी मरांडी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इन्होंने बताएं कि छापेमारी लगातार की जाएगी पकड़े जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताते चले की बीते 6 जनवरी को भी उत्पाद विभाग के द्वारा छापेमारी की गई थी जिससे काफी हरकम मचा था ,वहीं इन दिनों उत्पाद विभाग के लगातार छापेमारी से हटिया सहित गांवों में अवैध चुवाई महुआ दारू बनाने और बेचने वालों मे तथा पीने वालों में भगदड़ एवं हरकम ही नहीं मची हुई है, बल्कि दहशत भी देखी जा रही है , जबकि इस छापेमारी से आम व्यक्ति खासकर महुआ दारू के आदि (एडिक्ट) व्यक्ति के परिवारजन काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

राम भक्त सेवा दल ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। मंगलवार रात को शहर के बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन परिसर, वार्ड नंबर 16 बगतीपाड़ा में राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल के झारखंड प्रदेश महामंत्री सनातनी राम नारायण ठाकुर ने सैंकड़ों की संख्या में गरीब, असहाय, बुजुर्ग लोगों के बीच आधी रात को कंबल का वितरण किया। इस बाबत राम ठाकुर ने कहा कि बढ़ते ठंड और शीतलहरी को देखते हुए, मानव सेवा सबसे बड़ा सेवा के उद्देश्य के तहत् उन्होंने संगठन के बैनर तले यह कार्यक्रम को किया और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने युवा वर्ग एवं जिले वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी ऐसे नेक कार्य में आगे आकर बढ़ - चढ़ कर हिस्सा ले। हम सभी मिलकर ऐसी कोशिश करेंगें तो शायद इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को बचा सकेंगे। वही रिक्शाचालकों, गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों ने खुशी जाहिर की। जिला अध्यक्ष रतन भगत ने कहा कि हम सब श्री राम के सेना है, हम सेवा की भावना से काम कर रहे है, आगे भी संगठन स्थानीय जनहित मुद्दों के साथ साथ और भी बेहतर कार्य करेंगे। मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह सहित सनातनी रंजीत चौबे, विष्णु ठाकुर, सोनू प्रमाणिक, बिरजू ठाकुर, श्याम ठाकुर, सिद्धार्थ कुमार, शोभिक ठाकुर सहित दर्जनों सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

850 प्रॉपर्टी टैक्स बकायादरों को नगर परिषद की नोटिस, शीघ्र जमा करें टैक्स

पाकुड़। नगर परिषद पाकुड़ होल्डिंग टैक्स बकायादारों के ऊपर बकाया राशि जमा करने हेतु लगातार दबाव बना रहे हैं। नगर परिषद पाकुड़ , कार्यपालक पदाधिकारी श्री अमरेंद्र चौधरी के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2024 -25 के प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु लगभग 850 प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को नगर परिषद की ओर से लगातार सूचना दी जा रही है द्य सभी बकायदाओं को उनके डिमांड पत्र के साथ एरियर और वर्तमान वित्तीय वर्ष का बकाया टैक्स का भुगतान जल्द से जल्द करने को निर्देश दिया गया है द्य विदित है कि बकाया राशि पर प्रति माह एक प्रतिशत की दर से पेनल्टी लागू है द्य नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 11 लाख की राशि बड़े बकायेदारों की है द्य नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि वे समय पर पैसा जमा कर एक प्रतिशत प्लांटी से बचे और नगर परिषद को सहयोग करें।

डीसी ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को भुगतान करने का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। बुधवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पूरक पोषाहार, पोषण ट्रैकर ऐप पर एंट्री एवं सामाजिक कुरीति निवारण की समीक्षा की। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका की चयन में रिक्त पदों पर चयन हेतु पारदर्शिता बरतने व आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका का अतिरिक्त भुगतान मानदेय को ससमय भुगतान

करने का निर्देश पदाधिकारी को दिया । मौके पर अपर समाहर्ता श्री जेम्स सुरीन, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा उपस्थित थे एवं वीसी के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े हुए थे।

उधवा ने किया ट्रॉफी पर कब्ज़ा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)फुटबाल मैदान में आयोजित जेएमएम चैम्पियंस ट्रॉफी का फ़ाइनल मैच बुधवार को उधवा और धूलियान के बीच खेला गया। जिसमें उधवा ने धूलियान को 88 रनों से हराकर ट्रॉफी अपना नाम किया । मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए उधवा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 225 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। उधवा की ओर से अभिनाश ने 48 रनों शानदार पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी धूलियान की टीम 137 रनों में ही आलआउट हो गई। मैच में 48 रनों की पारी खेलने व 3 विकेट लेने वाले अविनाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं फ़ाइनल में विनर टीम उधवा को ट्रॉफी के साथ एक लाख का चेक देकर समाजसेवी लूथफुल हक़ के पुत्र अकीबूल हक़ ने पुरस्कृत किया। रनर टीम को ट्रॉफी के साथ 70 हज़ार का चेक देकर समाजसेवी जावेद आलम और मुस्लुदिन अंसारी ने पुरस्कृत किया।पूरा टूर्नामेंट का मेन ऑफ़ द सीरीज़ अबरार खान को चुना गया। खेल में अम्पायर कि भूमिका श्यामा एवं कुंदन ने निभाई। और साथ में राहुल ने एंकर कि और स्कोरर के रूप में आकाश कुमार ने भूमिका निभाया।आयोजन को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष वीकास रविदास, सचिव जितेंद्र रविदास, विक्की,पवन, सोनू,राहुल, करमचंद्र, रंजीत,आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सहजकर्ता दल के प्रशिक्षण का हुआ समापन

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)पंचायत विकास योजना के तहत प्रखंड के सभागार भवन में आयोजित तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों का द्वितीय फेज का प्रशिक्षण का समापन बुधवार को किया गया।आयोजित तीन दिवसीय के दौरान उपस्थित सहजकर्ता दल कर सदस्यों को मास्टर ट्रेनर प्रखंड समन्वयक अभिषेक गोंड,परेश कुमार भारती,बन्दना कुमारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कमल पहड़िया, इमरान आलम के द्वारा जीपीडीपी के उद्देश्यों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास योजना संबंधित अपेक्षाएं एवं उद्देश्य, सहभागिता के लिए संबंधित नियम , सतत विकास लक्ष्य एवं उन विषयों के ऊपर समझ बनाना ,सतत विकास एवं हमारे क्षेत्र की समस्याओं के बीच संबंध , साझा पहलू पर सामाजिक मानचित्र और संसाधन मानचित्र के ऊपर समझ बनाना सभी के भागीदारी से सहयोगी पूर्ण वंचित परिवारों जैसे एकल महिला, वृद्ध विकलांग आदि का चिंहितिकरण विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।मौके पर उपस्थित बीडीओ संजय कुमार ने बताया ग्राम पंचायत के समुचित विकास के योजनाओं का चयन किस प्रकार करना है तथा योजना चयन से सम्बंधित सभी आधारभूत बिदुओं पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी दिया।

पुलिस अधीक्षक ने हिरणपुर निर्माणाधीन थाना भवन का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर(पाकुड़) पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार को हिरणपुर निर्माणाधीन थाना भवन का निरीक्षण किया। करोड़ो की लागत से निर्माण हो रहे इस भवन निर्माण कार्य को लेकर एसपी ने निरीक्षण क्रम में सभी कक्ष का अवलोकन किया। वही चाहरदीवारी सहित अन्य निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित कम्पनी के अविनाश कुमार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 25 जनवरी तक हर हालात में निर्माण कार्य को पूर्ण करना होगा। जिससे कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण हो सके। उन्होंने कहा कि थाना प्रांगण में रखे हुए पत्थर धुला को हटा देना है। थाना प्रभारी रंजन कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि पुराने थाना भवन काफी जर्जर स्थिति में है। नए भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने साथ पुराने जर्जर भवन को तोड़ देना है। बताते चले की नए थाना भवन निर्माण कार्य को लेकर एसपी द्वारा निरन्तर रूप से अनुश्रवण कार्य की जा रही है। वही निर्दिष्ट समय पर भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने को लेकर निर्देश भी देते रहे है। जो आज भवन निर्माण कार्य ससमय पूर्ण होने की स्थिति में है।

कगजपुर गांव में सहायिका पद के लिए साजिदा बीबी को किया गया चयनित

महेशपुर (पाकुड़) प्रखंड के धर्मखांपड़ा पंचायत अंतर्गत कागजपुर गांव में बुधवार को महेशपुर बीडीओ सह सीडीपीओ डीक्टर सिद्धार्थ शंकर यादव के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से सहायिका साजिदा बीबी को चयनित कर वरीय अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दिया है । वही इस मौके कर बीडीओ सह सीडीपीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने जानकारी देते हुए बताया की निदेशक, समाज कल्याण बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक 3083/एस.के दिनांक-03.12.2024 द्वारा विशेष अभियान के माध्यम से पूर्ण किये जाने वाले सेविका सहायिका के पद की रिक्तियों के विरुद्ध लंबित चयन के आलोक में उपायुक्त, पाकुड़ के सूचित आदेशांक 1282/एस.के दिनांक-28.12.2024 द्वारा समय एवं तिथि निर्धारित कर एक आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्त कर उपरोक्त के आलोक में एक आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु आमसभा कर योग्य लाभुक का चयन कर रिपोर्ट वरीय अधिकारी को दिया गया है।

बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह की बच्चियों के प्रति संवेदनशील होकर करें कार्य : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । चरकी पहाड़ी स्थित बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह में रहने वाले बच्चियों की सुविधा के अलावा विधि-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने बाल सुधार गृह सह सम्प्रेषण गृह की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ संवेदनशील होकर कार्य करने का निदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व डीसीपीयू की टीम को दिया गया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने बाल सुधार गृह सह सम्प्रेषण गृह में पेयजल, शौचालय, ड्रैनेज सिस्टम के साथ विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। साथ ही शिक्षा व्यवस्था के तहत बाल सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों को दिए जाने वाले ट्यूशन, म्युजिक क्लास, योगा क्लास आदि से अवगत हुए, ताकि इस पहल से बाल सुधार गृह सह सम्प्रेषण गृह में रह रहे बच्चों के लिए मुख्यधारा की शिक्षा में वापसी का मौका मिलेगा। आगे उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चियों की जरूरतों को मुहैया कराते हुए इनका विशेष ख्याल रखें और बच्चों के प्रति संवेदनशील रहें, ताकि बच्चियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उपायुक्त ने बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह में बच्चियों के वोकेशनल प्रशिक्षण रूम एवं रिक्रिएशन रूम के अलावा उन्हें वोकेशनल ट्रेनिंग, खेल-कूद और मनोरंजन से जोड़ने का निदेश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह के जीर्णोद्धार हेतु कराये जाने वाले विभिन्न कार्यो को लेकर संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निदेशित करते हुए कहा कि बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय कराएं।

412 शिक्षकों के सेवासंपुष्टि के साथ 38 शिक्षकों के वरीय वेतनमान को समिति द्वारा स्वीकृत किया

देवघर। डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में आज 08 जनवरी को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान डीसी ने सीधी नियुक्ति, पदस्थापन, सेवासंपुष्टि, वरीय वेतनमान की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में डीसी विशाल सागर की अनुमति पश्चात 412 शिक्षकों के सेवासंपुष्टि के अलावा 38 शिक्षकों के वरीय वेतनमान को समिति द्वारा स्वीकृत किया गया। बैठक में उपरोक्त के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

1857 के वीर शहीदों को नमन, मंत्री हफीजुल ने दी श्रद्धांजलि

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रांची जिले के ओरमांझी प्रखंड स्थित चुट्टूपालू घाटी में उनके समाधि स्थल पर पहुंचकर मंत्री ने देश की आजादी के प्रति इन वीरों के बलिदान को स्मरण किया। मंत्री ने कहा, ÷अपने पिछले कार्यकाल में मैंने समाधि स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए 3.5 करोड़ रुपये का काम कराया था। झारखंड का इतिहास हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के महान योगदानों से भरा है।अब जरूरत है कि इन गुमनाम बलिदानों को इतिहास के पन्नों से निकालकर आम जनों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और उनकी स्मृतियों को संजोने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह आयोजन शहीदों की स्मृति को पुनर्जीवित करने और उनके योगदान को आदरपूर्वक याद करने का एक सार्थक प्रयास साबित हुआ।

मां शाकम्बरी की तांत्रिक विधि विधान से की गयी पूजा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शाकम्बरी दुर्गापूजा समिति कर्म योगी समाज भैरव घाट में विगत 21साल से मां शाकम्बरी दुर्गा की पूजा तांत्रिक विधि विधान से करते आ रहे हैं। कर्म योगी समाज के संरक्षक चेतनदेव मिश्रा महाराजजी, दिलीप श्रीगारी, संजय कुमार झा, घनश्याम मिश्रा, त्रिलोक राम मिश्रा, बबलू राज जिजवाडे ,शरद कुमार, संजीव कुमार मिश्रा, कुमार सोरभ, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, राकेश झा, अशोक कुमार गुप्ता, ज्ञानी चरण झा,दिपक मिश्रा,मोन्टी राज जजवाड़े रोहित खवाड़े, बप्पी श्रृंगारी, मनीष झा, नंदन श्रृंगारी, आनंद मिश्रा, रॉकी आशीष दुआरी छोटे भाई अभिलाष, परमात्मा झा, जय किशोर झा, आदि तन मन धन से पुजा को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

सरकारी राशि की निकासी पर उठे सवाल, मुखिया और सचिव पर लगे आरोप, होगी जांच

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में अनियमितताओं के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं! मोहनपुर प्रखंड के चकरमा पंचायत में फिर से गंभीर आरोप लग रहे हैं। उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष यादव, चंदन यादव और अन्य दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत के मुखिया और सचिव पर बिना काम किए सरकारी राशि निकालने का आरोप लगाया है। आवेदन में बताया गया है कि पंचायत भवन में तीन वर्ष के भीतर दो बार रंग-रोगन के नाम पर 4.55 लाख रुपये निकाल लिए गए, जबकि कस्तूरबा विद्यालय में स्नान घर के निर्माण कार्य के नाम पर 2.10 लाख रुपये, और प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय मोहनपुर में ओपन जिम के लिए बिना उपकरण खरीदे ही 1.49 लाख रुपये की निकासी की गई।इसके अलावा, चापाकल की मरम्मत के नाम पर 2.65 लाख रुपये और पंचायत भवन में सुंदरीकरण के नाम पर 2.40 लाख रुपये निकाले गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बिना वार्ड सदस्य की सहमति से पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र योजना के तहत 4 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। इसके जवाब में, चकरमा पंचायत के मुखिया अजय कुमार दास ने कहा, ÷कार्य का मटेरियल गिरा दिया गया है और लाभुक समिति के खाते से पैसे की निकासी हुई है। बाकी कार्य बहुत जल्द पूरा किया जाएगा।÷ वहीं, बीडीओ मोहनपुर संतोष कुमार चौधरी ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा, योजना की जांच कराई जाएगी।

भाजयुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । स्थानीय टावर चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले जिला अध्यक्ष आशीष दुबे के नेतृत्व में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष आशीष दुबे ने सदस्यता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान पार्टी को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर भाजपा की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान कई स्थानीय नागरिकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उपस्थित भाजपा देवघर जिले के महामंत्री संतोष उपाध्याय ने बताया,इस आयोजन का उद्देश्य न केवल सदस्यता अभियान को बढ़ावा देना था, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सामंजस्य और संगठनात्मक शक्ति को और सुदृढ़ करना भी था। मौके पर भाजयुमो जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष कन्हैया झा,जिला मंत्री चंद्रशेखर खवाड़े,पूर्व भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष अतुल सिंह,सीएन दुबे,मनोज भार्गव,संजय गुप्ता,जय मिश्रा,राहुल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ख्वाजा गरीब नवाज कॉन्फ्रेस, अमन, शांति और भाईचारे का पैगाम

मधुपुर । नबी बक्स रोड स्थित खानकाह कादरिया में पीरे तरीकत हजरत शकील खान कादरी की सरपरस्ती में हर साल की तरह इस साल भी ख्वाजा गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई।इस मुबारक मौके पर सुबह से शाम तक कई महफिलें सजीं। कार्यक्रम का आगाज़ परचम कुशाई के साथ हुआ, जिसके बाद कुरान खानी और बाद नमाज-ए-मगरिब जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज की मुख्य महफिल का आयोजन किया गया। स्टेज पर रौशन पीरे तरीकत हजरत शकील खान कादरी की मौजूदगी में महफिल की शुरुआत कुरान पाक की तिलावत से हुई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गोड्डा

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० –

RCD/GODDA/13/2024-25 (5th Call) दिनांक –08.01.2025

Old PR No. 337367 (Road)24-25*D

1.	कार्य का नाम	गोड्डा जिलान्तर्गत "सरोतिया (MDR- 200 पर) – बेलारी–पथरा (NH- 133 पर) पथ (कुल लंबाई– 5.718 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का अवषेष कार्य।
2.	प्राक्कलित राशि	रू0 4,18,97,982/– (चार करोड़ अठारह लाख सन्तानवें हजार नौ सौ बेरासी रूपये) मात्र
3.	बीड जमानत की राशि	रू० 4.19 लाख
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	04 (चार) माह
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	11.01.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से
6.	ऑनलाईन निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि/समय	21.01.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक
7.	निविदा खोलने की तिथि/समय	22.01.2025 के अपराह्न 12:30 बजे
8.	निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गोड्डा
9.	निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का मो0 नं0	8987675852
10.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन सं० /दूरभाष सं०	0651-2446007

नोट :– 1. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, गोड्डा

PR 343850 (Road)24-25*D

आज भी माफियाओं की नजर रुईया धर्मशाला पर : सरोज सिंह

देवघर संताल एक्सप्रेस । जसीडीह थाना अंतर्गत रुईया धर्मशालास का मामला दिनों दिन और गम्भीर होते जा रहा है।जानकारी के अनुसार मामले को लेकर फ़िलहाल एसडीओ कोर्ट के आदेश पर 163 लगा हुआ है और 107 का प्रोसेस चल रहा है।वहीं इस मामले में जेएमएम जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह के नेतृत्व में उक्त धर्मशाला की बिल्डिंग के दुकानदारों ने बुधवार को एसडीओ कोर्ट के नाजिर से मुलाकात कर 126 के प्रोसिडिंग में तेजी लाने की बात कही।वहीं इस मामले को लेकर नगर आयुक्त से भी मुलाकात कर इस मामले पर कड़ी कार्यवाई की बात कही है। सिंह ने कहा कि आज भी इस धर्मशाला की सम्पत्ति पर माफियाओं की नजर है पर हर हाल में इस धर्मशाला को और सभी दुकानदारों को बचाया जाएगा।वहीं मौके पर सिंह ने कहा कि पब्लिक ट्रस्ट होनें के कारण यहां आमजन के भी कई प्रकार के सामाजिक और धार्मिक कार्य का आयोजन भी होता है इस लिए इसे बचाने के लिए आस पास की जनता अपने जी जान से लगी हुई है।

डीएवी भंडारकोला में बच्चों को आर्ट ऑफ लिविंग का टिप्स दिया गया

देवघर संताल एक्सप्रेस । भंडारकोला स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नववर्ष की सुखद शुरुआत करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में कक्षा नवमी के बच्चों को मानसिक और भावनात्मक कल्याण के लिए योग गुरु निशांत के द्वारा महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। विदित हो कि आर्ट ऑफ लिविंग का उद्देश्य है कि हरेक मनुष्य का मन तनाव रहित हो तथा हिंसा रहित समाज की स्थापना हो तभी हम विश्व शांति को प्राप्त कर सकते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग कई तनाव निष्कासन और स्वयं के विकास के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत करता रहता है जो कि श्वास तकनीक,ध्यान और योग पर आधारित होता है। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह और रेड रोज स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार पांडे मौजूद थे। योग गुरु ने आधुनिक समय की समस्याओं के प्रभाव और तनाव को बताया और तनाव को दूर करने के लिए योग को सिखाया। विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने बताया कि समग्र रूप से मानसिक और भावनात्मक कल्याण आज की जरूरत है।

डीडीसी ने नशामुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता रथ किया रवाना

देवघर । नशामुक्त भारत अभियान 2025 के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ व जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों से बात चीत करते हुए कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से नशामुक्त समाज के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाते हुए समाज में नशीली पदार्थों के खतरे के नकारात्मक प्रभाव के बारे में लोगों को अवगत कराया जायेगा। इसके अलावा नशामुक्त जागरूकता अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि स्कूली छात्र, युवाओं और स्थानीय लोगों को ज्यादा से ज्यादा शामिल किया जा सके।

मधुपुर के बड़बाद में लगा स्वास्थ्य शिविर

मधुपुर । देवघर सिविल सर्जन के आदेश पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मधुपुर द्वारा बुधवार को शहर के बड़बाद में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।इस शिविर में कुल 131 मरीजों का इलाज डॉ. संजय कुमार ने किया और मुफ्त में दवाइयां भी बांटी गईं। सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की जांच की गई।

शिवम, आर्यन, सुमन व डॉ. प्रदीप होंगे पुरस्कृत

देवघर संताल एक्सप्रेस । पिछले दिन रामकृष्ण मिशन आश्रम, राँची के बैनर तले, 54वाँ वार्षिक प्रतियोगिता के अंतर्गत सम्पूर्ण राज्य में राज्य स्तरीय क्विज़, कवितापाठ एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। वर्ग पंचम से सप्तम तक क्विज़ प्रतियोगिता में गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर्स टाउन के छात्र शिवम गुप्ता को प्रथम, धनबाद पब्लिक स्कूल के सूर्यांश पॉल को द्वितीय जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय की लावण्या आरती को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। वर्ग अष्टम से दशम तक क्विज़ प्रतियोगिता में डीपीएस, राँची की शिवांगी सिंह को प्रथम, जसीडीह पब्लिक स्कूल के आर्यन को द्वितीय जबकि एम.बी. डीएवी पब्लिक स्कूल के सिद्धार्थ अग्रवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। निबन्ध प्रतियोगिता दो ग्रुपों में सम्पन्न हुआ था। निबन्ध का शीर्षक था- नया भारत गढ़ो। ओपन टू ऑल ग्रुप में साई डिजिटल के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार की धर्मपत्नी सह स्व. जय प्रकाश केशरी एवं उमा देवी की पुत्रवधु सुमन केशरी को प्रथम, राँची के अंकित कुमार राय को द्वितीय, हजारीबाग की अंजलि यादव को तृतीय एवं राँची के शुभांश राज को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल,देवघर

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन प्रमंडल देवघर द्वारा प्रकाशित जिसका पी0 आर0 संख्या–343243 (Building) 24-25 (D) के निविदा को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल देवघर

PR 343822 Building(24-25)#D

कार्यालय,
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,पाकुड़
(जिला पंचायत शाखा)

–:: आम सूचना ::–

पाकुड़ जिला अधीन शहरी क्षेत्र नगर परिषद, पाकुड अन्तर्गत कुल 21 वार्डों के लिए पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। तत्संबंधी सूचना का प्रकाशन नगर परिशद, कार्यालय, पाकुड़ एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी का कार्यालय, पाकुड़ के कार्यालय में कर दिया गया है।

अगर किसी व्यक्ति/मतदाता को इस संबंध में कोई दावा/आपत्ति देना है तो संबंधित कार्यालय में दिनांक– 09.01.2025 से 15.01.2025 तक अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–
उपायुक्त, पाकुड़

PR 343825 (Pakur)24-25*D

कार्यालय
राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NVBDCP)
जिला मलेरिया नियंत्रण समिति, दुमका

शुद्धि पत्र

जिला मलेरिया कार्यालय, दुमका के पत्रांक 1027 दिनांक 23.12.2024 द्वारा राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, दुमका अंतर्गत Lymphatic Filariasis अंतर्गत Footwear की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/ प्रतिष्ठान से मुहरबंद निविदा **PR 342732 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D** आमंत्रित की गयी थी। उक्त निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए निर्धारित है कि Lymphatic Filariasis अंतर्गत Footwear की आपूर्ति हेतु अधिकतम दर रू0 500/– (पॉच सौ रू0) प्रति Footwear Pair से अधिक नहीं होना चाहिए।

निविदा की शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेंगें।

Footwear का विवरणी, निविदा की नियम एवं शर्त्ते www.dumka.nic.in के Website से download की जा सकती है।

ह0/–

जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी, दुमका
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका

PR 343772 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, देवघर

प्रेस विज्ञप्ति संख्या – 22/2024–25

देवघर, मधुपुर तथा मारगोमुण्डा प्रखण्ड अंतर्गत खुला डाक के द्वारा तालाब बन्दोवस्ती की आम सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र सं0 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में **देवघर, मधुपुर तथा मारगोमुण्डा** अंचल में बंदोबस्ती से मुक्त होने वाले मत्स्य विभाग अंतर्गत राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक के लिए **दिनांक 24.01.2025, 31.01.2025 एवं 07.02.2025** को 11:30 बजे पूर्वाहन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला मत्स्य कार्यालय देवघर में किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति खुला डाक में भाग ले सकते हैं एवं डाक में भाग लेने हेतु उन्हें अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आई0डी0 कार्ड इत्यादि) उपस्थापित (लाना) करना आवश्यक होगा। डाक वक्ता को डाक लेने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत जमानत के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर सभी को जमानत की राशि लौटा दी जायेगी एवं उच्चतम डाक वक्ता को डाक की पूर्ण राशि के साथ निबंधन शूल्क तथा स्टांप शूल्क नियमानुसार जमा करना होगा। मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 यदि डाक की तिथि तक जलकरों की बंदोबस्ती लेने में सक्षम हो जाती है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी। **देवघर, मधुपुर तथा मारगोमुण्डा** अंचल के वर्ष 2024–25 में बंदोबस्त होने वाले जलकरो की सूची जिला मत्स्य कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बतलाये डाक रद्द अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,देवघर

PR 343812 Deoghar(24-25).D

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER GODDA

Notice

Office of the Deputy Commissioner, Godda,Jharkhand invites proposals from reputed agencies for establishing, Operation and Management of ICU UNIT at Sadar Hospital, Godda, Jharkhand. The table below contains important date and time related to the RFP:

REQUEST FOR PROPOSALS

Office of Issue	Office of the District Development Section, Godda, Jharkhand Government of Jharkhand.
Date of Issue	07-01-2025
Last date and time for submission of bids	13-01-2025 12 pm
Date and time for technical bid opening	13-01-2025 2 pm
Date,time &Venue for Technical presentation and evaluation	District Development Section, Godda
Dateand time for financial bid opening and evaluation	13-01-2025 2 pm

Table1: RFP Schedule

Deputy Commissioner,
Godda

PR 343792 (Godda)24-25*D

समाहरणालय दुमका
(कल्याण शाखा)

आदेश

कल्याण विभागीय आवासीय विधालयों में बाहय श्रोत से चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की सेवा प्राप्त करने हेतु विज्ञापन :–

सरकार के संयुक्त सचिव, कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1660, दिनांक 07.06.2017 के द्वारा वर्ष 2024–25 के लिए बाह्य श्रोत से सेवा प्राप्त हेतु Service Provider Agency (Outsourcing) के माध्यम में ऐजेंसी चयन करते हुए कल्याण विभागीय आवासीय विधालयों में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की सेवा बाह्य श्रोत से प्राप्त करने का निदेश है। उक्त निदेश के आलोक में दुमका जिलान्तर्गत संचालित आवासीय विधालयों में अनुसेवक, रसोईया, झाड़ुदार एवं रात्रि प्रहरी के रिक्त पदों पर बाह्य श्रोत से सेवा प्राप्त किया जाना है।

अतः इच्छुक एजेन्सी से निम्न शर्तो के साथ दिनांक 13.01.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक बाह्य श्रोत से सेवा देने हेतु जिला कल्याण कार्यालय, दुमका में सील बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, तथा उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, दुमका की अध्यक्षता में गठित जिला निविदा समिति की बैठक में खोली जायेगी। जिसमें एजेन्सी एवं उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

नोट :– निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा दुमका जिले के वेबसाईट www.dumka.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
दुमका

PR 343765 Welfare(24-25).D

परिवहन विभाग द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान, वसूले गए 34 हजार

महागामा संवाददाता । गोड्डा- महगामा मुख्य मार्ग पर थाना गेट के सामने एनएच 133 पर जिला परिवहन विभाग द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व परिवहन विभाग के कर्मी मिट्ठू मिश्रा ने किया, जिसमें पुलिस बल भी मौजूद थे। वहीं जांच के दौरान वाहन चालकों के लाइसेंस, सीट बेल्ट, हेलमेट व वाहन संबंधित कागजात की गहन जांच की गई। जांच के तहत दर्जनों वाहनों को जब्त किया गया और कुल 34,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही नियम तोड़ने वालों को कड़ी हिदायत भी दी गई। वहीं अधिकारियों ने लोगों को संदेश दिया कि हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपाय केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि उनकी जान बचाने के लिए जरूरी हैं। यातायात नियमों का पालन न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि सड़क हादसों को भी कम करता है।

पंचायत समिति बैठक में योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

गोड्डा । बसंतराय प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी ने किया। बैठक में सामाजिक सुरक्षा, बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत, शिक्षा, मनरेगा, आपूर्ति, कृषि विभाग की गहन समीक्षा की गई। बैठक से बैंक कर्मी के अनुपस्थित रहने के कारण भारतीय स्टेट बैंक गोपीचक ब्रांच के शाखा प्रबंधक को हटाए जाने का सभी सदस्यों ने प्रस्ताव पारित किया। राहा पंचायत के सदस्य अवधेश यादव ने बीज वितरण में गड़बड़ी किए जाने का मुद्दा उठाते हुए बीई ओ - निरंजन कुमार पर सूचना समय पर नहीं देने का आरोप लगाया। वही कैथिया पंचायत के सदस्य मोहन झा के द्वारा सुशील झा के खेत से कपिल पासवान खेत तक दाड़ खुदाई में मनरेगा कार्य में जेसीबी और ट्रैक्टर के द्वारा कार्य कराए जाने का मामला प्रमुखता से उठाया और संबंधित रोजगार सेवक पर कार्रवाई की मांग की। बोदरा पंचायत के सदस्य अशोक ने पंचायत सचिव सीताराम वैद्य पर बदसलूकी करने योजना संबंधित सूचना सार्वजनिक नहीं करने का आरोप लगाया साथ ही मनरेगा में फर्जी डिमांड मार कर पैसे का बंदर बांट करने का गंभीर आरोप लगाया। सदस्यों द्वारा विद्युत विभाग के कनीय अभियंता और सहायक अभियंता के बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण पूछे जाने का प्रस्ताव भी लिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता से प्रखंड क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी ली गई, साथ ही प्रमुख के द्वारा बसंतराव गोड्डा भाया महेशपुर मुख्य मार्ग पर पाइप बिछाए जाने में बरती गई अनियमितता पर सवाल जवाब किया गया। बैठक में मनरेगा योजना के तहत जो गांव मुख्य सड़क से नहीं जुड़े हैं सड़क में मिट्टी भराने का प्रस्ताव मांगा गया। बैठक में थाना प्रभारी सत्यदीप, उप प्रमुख बजरंगी यादव, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, प्रखंड कर्मी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

सिकल सेल एनीमिया जाँच शिविर में 40 छात्र-छात्राओं का किया गया जांच

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- नाला सीएचसी अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय तांबाजोड़ में सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। मालूम हो कि नाला सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 लियाकत अंसारी की देखरेख व पर्यवेक्षण में बच्चों की जांच की गई। इस दौरान लगभग 40 छात्र-छात्राओं की जांच की गई। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी ने सिकल सेल एनीमिया के लक्षण के बारे में बताया कि एनीमिया/पीलापन दिखाई देना,बार-बार संक्रमण बीमार होना,थकान,बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना,रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना,जोड़ो में दर्द या सूजन,छाती में दर्द,साँस फूलना,पीठ/पेट में दर्द आदि शामिल है। इस क्रम में रोगी को दिन भर ज्यादा से ज्यादा पानी पीने,डॉक्टर की सलाह से फॉलिक एसिड गोली प्रतिदिन लेने,उल्टी-दस्त पसीने से शरीर का ज्यादा पानी बाहर निकलने पर डॉक्टर से सम्पर्क करने, संपूर्ण संतुलित आहार लेने,हर तीन महीने में हीमोग्लोबिन स्तर तथा श्वेत रक्त कोशिकाओं की संख्या की जांच करने का सलाह दिया गया। मौके पर प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, सीएचओ अविनाश कुमार, साईस्ता परवीन,ईशा राज,सुधीर चौधरी,राजकुमार पाल,प्रियंका कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शिविर में मौजूद थे।

नाला सहित विभिन्न जगहों में विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

नाला (जामताड़ा)-- झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के द्वारा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राधा कृष्ण कृष्णण एवं सचिव अभिनव कुमार के आदेशानुसार एवं मार्गदर्शन पर जिले के नाला प्रखंड अंतर्गत प्राधिकार के पीएलभी के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा द्वारा 90 दिवसीय विशेष अवेयरनेस एंड आउटरीच कार्यक्रम के तहत नाला प्रखंड के नलहाटी, मोरबासा, भेलाबेड़िया,नाला सहित विभिन्न गांवों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें प्राधिकार के पीएलभी सह अधिकार मित्र अमित कुमार सिंह, जयंती दत्ता, अरुप मंडल, प्रेम कुमार सिंह, प्रकाश मंडल,निशा सोरेन, विवेक मंडल ने अलग जगहों पर टीम बनाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तहत मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने संबंधी जानकारी दिया गया साथ ही सड़क दुघर्टना दावा वाद प्राधिकार के द्वारा निःशुल्क दायर करने संबंधी जानकारी, हिट एंड रन के तहत मिलने वाली मुआवजा राशि, घरेलू हिंसा सुरक्षा अधिनियम, दिव्यांग जनों के लिए विशेष अधिकार एवं योजनाएं- दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया, नालसा -झालसा के विभिन्न स्कीमों की विस्तृत जानकारी, नालसा के निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 के साथ साथ सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के संबंध में जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दिया गया। मौके पर प्रशांत बाउरी, सोनाली हेम्ब्रम, रोविन राय,काजल पाल, जियामुनी हेम्ब्रम आदि मौजूद थे।

गोड्डा मेला का हुआ डाक बंदोबस्ती, 36 लाख 81000 की लगी बोली

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज गोड्डा । गणतंत्र दिवस पर गोड्डा में लगने वाले ऐतिहासिक मेला को लेकर बुधवार को डाक बंदोबस्ती किया गया। नगर परिषद के सभागार में निर्धारित समय पर हुए डाक बंदोबस्ती में राजेश कुमार साह ने सर्वाधिक 36 लाख 81 हजार की बोली लगाकर मेला का डाक अपने नाम किया। पिछले वर्ष गोड्डा मेला का डाक 36, 50,000 में हुआ था। मेला के अलावा मेला मैदान के सामने पार्किंग स्थल का भी डाक कराया गया। जहां मोहम्मद अजीजुल्लाह ने सर्वाधिक 2,36,000 की बोली लगाकर पार्किंग स्थल का डाक अपने नाम किया। पिछले वर्ष पार्किंग स्थल की बोली 2 लाख 18 हजार में तय हुई थी। इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने बताया की मेला डाक के लिए कल 9 प्रपत्र की खरीदारी हुई थी। लेकिन 6 व्यक्तियों द्वारा सही कागजात जमा नहीं करने के कारण डाक में सिर्फ तीन लोग ही भाग ले सके। जहां तीन राउंड में डाक की बोली लगी और अंततः राजेश कुमार साह ने 36 लाख 81 हजार की बोली लगाकर मेला अपने नाम किया। वहीं पार्किंग स्थल पर मोहम्मद अजीजुल्लाह ने 2 लाख 36 हजार की बोली में पार्किंग स्थल का डाक लिया।

पूर्व मेला ठेकेदार ने डाक में लगाया अनियमितता का आरोप

पिछले 15 वर्षों से लगातार मेल डाक लेने वाले पूर्व ठेकेदार रविंद्र पांडे ने डाक बंदोबस्ती में अनियमितता करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि उन्हें बोली लगाने नहीं दी गई। और नगर परिषद ने डाक लगाने वालों के पक्ष में काम किया। कहा कि एक दिन पहले नियम को बदला गया। साथ ही एक ही परिवार के लोग डाक में थे शामिल। कहा की वे इसके खिलाफ उपायुक्त को ज्ञापन देंगे। इसके साथ ही इसकी शिकायत विजिलेंस से भी करेंगे और उच्च न्यायालय भी जाएंगे।

क्या कहते हैं पदाधिकारी

इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार का कहना है की पूर्व ठेकेदार ने डाक के लिए मांगी गई कागजात पूरे नहीं किए थे। उनके द्वारा आयकर रिटर्न की कॉपी डाक में नहीं लगाई गई थी। मेला डाक प्रारंभ होने के पश्चात वे आयकर रिटर्न की कॉफी हाथों हाथ से जमा कर रहे थे। जिस पर बोर्ड कमेटी ने आपत्ति जताई थी। कागज सही तरीके से उपलब्ध नहीं करने को लेकर उन्हें डाक की बोली से अलग किया गया था। पदाधिकारी ने बताया कि मेला डाक पूरी तरह नियम संगत तरीके से कराया गया है। इसमें कहीं किसी प्रकार की कोई

मेहरमा बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

संताल एक्सप्रेस मेहरमा संवाददाता ~ प्रखंड परिसर स्थित सभागार कक्ष में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मेहरमा के अभिनव कुमार ने विकास योजना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। जिसमे मुख्य रूप से नरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पंद्रहवां फाइनेंस आदि से सम्बंधित योजना की समीक्षात्मक बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा की बीडीओ ने कहा कि लंबित योजनाओं का विवरणी के भरकर जमा करें। मिट्टी मोरंग सड़क का सूची जमा करें। बागवानी योजनाओं का प्रतिवेदन जमा करें। अबुआ योजनाओं का प्रतिवेदन मनरेगा से सम्बंधित मामले की प्रतिवेदन जमा करे। विकास योजना के कार्य में हो रही विलंब को लेकर मेहरमा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार ने पंचायत सचिव, स्वयंसेवक, जेई को आवास के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया वहीं सभी पंचायतों का आवास निर्माण कार्य को जल्द से जल्द संपन्न कराने की बात कही साथ ही साथ उन्होंने पंचायत सचिव एवं स्वयं सेवक को निर्देश दिया पंचायत सचिव से कितनी आवास का कार्य किया गया और कितना अधूरा है और कितना शेष रह गया है उसकी भी जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित मेहरमा बीपीओ साहेब राम हासदा, पंचायत सचिव, स्वयं सेवक, जेई, एई एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित

धूमधाम से सोहराय मिलन समारोह का हुआ आयोजन

महागामा ~ ऊर्जा नगर के राजेंद्र स्टेडियम में धूमधाम के साथ सोहराय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हांसदा, हुर्रासी जी एम संजय कुमार, बिपिन बिहारी सिंह, बेटा राम मुर्मू आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ आदिवासी परंपराओं के अनुसार मंचासीन अतिथियों के स्वागत से हुई। सोहराय मिलन समारोह में आसपास के दर्जनों गांवों से सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समुदाय के महिला, पुरुष, युवक, युवतियां शामिल हुए। आदिवासी समुदाय के द्वारा नाईकी और गुडेत ने पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। एसडीओ आलोक वर्णन केसरी ने अपने संबोधन कहां कि यह पर्व प्राकृतिक और भाईचारे का प्रतीक है। खेतों से नई फसल आने के बाद इस पर्व को मनाया जाता है। यह पर्व मानवता और सामूहिकता का संदेश देता है उन्होंने सभी से प्रेम, शांति और सौहार्द के साथ रहने का आह्वान किया। बीडीओ सोनाराम हांसदा ने कहा कि सोहराय पर्व भाई बहन का त्यौहार है। इस पर्व को आदिवासी समुदाय के लोग धूमधाम के साथ मनाते हैं। सोहराय मिलन समारोह के दौरान एसडीओ ने मांदर भी बजाएं। इस दौरान आदिवासी महिलाओं ने मांदर के थाप पर नृत्य करते हुए अपनी खुशी का इजहार की। इस मौके पर सोनाराम टुडू, राजेंद्र मुर्मू, मुन्ना सोरेन, सैमुअल हांसदा, होपन हांसदा, तालाबाबू हांसदा, देवी लाल सोरेन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

अनुमंडल पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित उप प्रमुख समर माजी को दिया प्रमाणपत्र

नाला (जामताड़ा)-- राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नाला प्रखंड सभागार में बुधवार को उप प्रमुख नाला का अप्रत्यक्ष चुनाव सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अनंत कुमार की देखरेख व पर्यवेक्षण में मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई।तत्पश्चात नामांकन प्रक्रिया, नामनिर्देशन आदि प्रक्रिया प्रारंभ हुई। निर्वाचन प्रक्रिया के आधार पर समर माजी को उप प्रमुख पद पर चयन किया गया साथ ही पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अनंत कुमार ने उप प्रमुख को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान की। उन्होंने ने बताया कि सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए थे और जो टाइम दिया गया था स्क्रूटनी करने का सारी प्रक्रिया करने के बाद एक सदस्य समर माजी के द्वारा नॉमिनेशन किया गया था।उनका नॉमिनेशन स्क्रूटनी में भी एक्सेप्ट किया गया। और नाम वापसी के बाद चूंकि कैंडिडेट थे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उनको फिर विहित प्रपत्र में प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया। वहीं नवनिर्वाचित प्रखंड उप प्रमुख समर माजी ने साक्षात्कार में कहा कि मैं सभी वर्ग, जाति ,समुदाय को एक समान रूप से निष्पक्ष भाव से न्याय करूंगा। कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने पर मेरी सर्वदा प्रयास रहेगी। आज के इस निर्वाचन कार्य के दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अकांक्षा कुमारी,अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी,प्रमुख कलावती मुर्मू ,दंडाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता कुंदन कुमार, कनीय अभियंता सौरभ कुमार, कनीय अभियंता उत्तम कुमार शर्मा, कनीय अभियंता रामजतन मुर्मू के अलावे पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली,अशोक बाउरी,दयामती मरांडी,गुड़िया देवी,बबीता हेम्ब्रम, दिलीप कुमार हेम्ब्रम, बिजली देवी,जोशना राय,सुखोदी किस्कु, चुमकी राय,कृष्णा कुमार मुर्मू,शांति राउत,कमल हांसदा,सुबली मुर्मू, मड़िराम माजी,जबा मंडल, रूमनी मोहली,रीना किस्कु, ममता मंडल,शिवलाल सोरेन, आरती मरांडी,दुलाल मरांडी,मौसमी सिंह के अलावे बीस सूत्री सूत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य 20 सूत्री सदस्य नदिया

अभाविप का महिला कॉलेज में कॉलेज इकाई का हुआ पुनर्गठन

गोड्डा । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई द्वारा बुधवार को महिला कॉलेज इकाई का पुर्नगठन किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित अभाविप के जिला प्रमुख प्रा0 संजीव यादव ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक कर सामाजिक प्रतिबंधों से हटकर राष्ट्र पुनः निर्माण के कार्यों के लिए प्रेरित करती है। परिषद आज छात्राओं के लिए आत्मविश्वास का केंद्र बन चुका है। जहां छात्राएं आती है तो निश्चित ही साहसी बनकर जाती है। इसलिए समस्त छात्रा बहनों से आग्रह हैं की आइए ज्ञान, शील, एकता के भाव से आच्छादित विद्यार्थी परिषद का अभिन्न अंग बन एक भारत, सशक्त भारत बनाने में अपना अद्वितीय योगदान सुनिश्चित करें। आगे जानकारी देते हुए बताया कि महिला कॉलेज अध्यक्ष का दायित्व मौसम कुमारी, कॉलेज मंत्री पुष्पवर्षा रानी, कॉलेज उपाध्यक्ष रिमझिम भारती एवं मनीषा भारती, कॉलेज मंत्री मुस्कान कुमारी एवं रुकमणी कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी अमीषा कुमारी, एसएफडी प्रमुख राधिका कुमारी, एसएफएस प्रमुख जोंटी कुमारी, प्लस टू प्रमुख सोनी मंडल, प्लस टू सह प्रमुख पूजा कुमारी और लक्ष्मी कुमारी, एनसीसी प्रमुख प्रिया कुमारी, खेल प्रमुख काजल कुमारी, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक प्रमिला मरांडी सह प्रमुख पार्वती कुमारी, कोषाध्यक्ष नीतू कुमारी, हॉस्टल प्रमुख ममता टुडू को नया दायित्व दिया गया हैं। कॉलेज इकाई गठन में विभाग संयोजक सुमित कुमार, जिला संयोजक सुमित मंडल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनामिका सिंह, महागामा नगर सह मंत्री मणि राउत समेत अन्य अभाविप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सातवाँ वेतनमान लागू करने को लेकर शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ की हड़ताल जारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता मेहरमा (गोड्डा) ~ प्रखंड अंतर्गत एसआरटी कालेज, धमड़ी में शिक्षकेत्तर संघ के द्वारा सातवाँ वेतनमान लागु कराने को लेकर सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी 44वें दिन भी हड़ताल पर रहे। सिद्धु कानु मुर्मू विश्वविद्यालय के 13 अंगीभुत महाविद्यालय मे शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के द्वारा सातवाँ वेतनमान लागु करने को लेकर 44 वां दिन हड़ताल पर डटे है। मेहरमा प्रखंड अंतर्गत एसआरटी कॉलेज धमड़ी अंगीभुत इकाई मे भी सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी 44 वां दिन से हड़ताल पर है। महाविद्यालय एसआरटी कालेज धमड़ी के मुख्य द्वार पर ताला लगा रहा।शिक्षकेत्तर रीमा ने बताया कि हड़ताल का 44 दिन हो चुका है पर अभी तक हमारी मांगे पुरी नही किया जा रहा है। जबकि शिक्षक को नवम्बर माह का वेतन आंतरिक स्तोत्र से किया गया। जब 2016-2018 में सातवाँ वेतनमान पुरे भारत मे लागु हुआ है। झारखंड के 13 अंगीभुत महाविद्यालय मे अभी तक सातवाँ वेतनमान लागु क्यो नहीं किया गया है जबकि महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को सातवाँ वेतनमान मिल रहा है जिससे हम सभी शिक्षकेत्तर सातवाँ वेतनमान से वंचित है।हमारे कर्मचारी 26 नवम्बर से हड़ताल पर बैठे हुए हैं। 13 अंगीभुत महाविद्यालय मे सातवाँ वेतनमान लागु नहीं किये जाने से हम सब कर्मचारी आक्रोश मे होकर सातवाँ वेतन के आह्वान मे ताला बंदी किया गया है। जब तक हमारी मांगे पुरी नही किया जाता है तब तक हड़ताल पर डटे रहेंगे। मौके पर उपस्थित भावेश कुमार सिंह अध्यक्ष, रीमा, सचिन,मनोज कुमार, अजीत कुमार, अमरजीत कुमार रहे। वहीं एसआरटी कालेज धमड़ी में ताला लगा रहने के कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई बाधित है।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सोहराय मिलन समारोह का हुआ आयोजन

कुंडहित (जामताड़ा)वुधवार को कुंडहित मुख्यालय स्थित मॉडर्न पब्लिक आवासीय विद्यालय में सोहराय मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सोहराय मिलन समारोह के शुभ अवसर पर विभिन्न तरह की आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री भजहरी मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा यह आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण बड़ा तैयार है। इस अवसर पर आदिवासी समाज के लोग अपनी गाय, बैल, जल जंगल जमीन की पूजा करते हैं। यह त्यौहार लगभग 6 दिनों तक चलता है । अंतिम दिन हक्कू कटकम के साथ यह तैयार समाप्त हो जाता है। यह तैयार आपसी भाईचारे एवं प्रेम की त्यौहार है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जाकिर अंसारी सुधीर सेन समीर किशोर शिखा चौधरी निमाई मंडल गोपीनाथ मंडल जगबंधु फजेदार मालती मुर्मू धनंजय मंडल सुभाष रजक रजनीकांत फौजदार विद्या रत्न फौजदार विश्वनाथ मंडल के अलावे छात्र-छात्राओं के अलावे अभिभावक उपस्थित थे।

इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए गोड्डा से रौशन एवं पियूष पंजाब रवाना

गोड्डा । पंजाब के भटिंडा में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रीको रोमन रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए एसकेएम यूनिवर्सिटी दुमका की टीम में शामिल गोड्डा के एसबीएसएसपीएसजे कॉलेज पथरगामा के छात्र रौशन कुमार साह एवं पियूष कुमार साह मंगलवार शाम गंतव्य के लिए रवाना हुए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा ने बताया की एसकेएम यूनिवर्सिटी दुमका के पांच सदस्यीय टीम में पथरगामा कॉलेज के उक्त दोनों प्रतिभावान पहलवान के अलावा एसपी कॉलेज दुमका के अजय कुमार मिर्धा तथा देवघर कॉलेज के रौनक सिन्हा एवं राहुल कुमार महतो शामिल है। रौशन एवं पियूष के चयन पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो एवं एसबीएसएसपीएसजे कॉलेज के प्राचार्य बसंत नारायण सहित कॉलेज परिवार एवं जिला कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

सोहराय मिलन समारोह में 45,000 की उपस्थिति, मंत्री डॉ. इरफान की लोकप्रियता रही चर्चा में

जामताड़ा। मंत्री आवास के सामने आयोजित सोहराय मिलन समारोह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 45,000 लोगों की भारी उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी उपस्थित हुए। आदिवासी परंपरागत नृत्य और ढोल-नगाड़ों ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने समारोह की शुरुआत में सभी को सोहराय पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, आपकी बदौलत मैं तीसरी बार विधायक बना हूं और मंत्री पद पर हूं। भाजपा की हर साजिश के बावजूद आदिवासी समाज की एकजुटता ने मुझे जीत दिलाई। उन्होंने भाजपा की जातिवादी राजनीति की आलोचना करते हुए कहा कि विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने भी नफरत की राजनीति के खिलाफ कांग्रेस की मोहब्बत की नीति का समर्थन किया। उन्होंने कहा, गरीबों के लिए धड़कता हुआ दिल ही असली दिल है। इस अवसर पर मंत्री ने कंबल वितरण भी किया, जो समारोह में उपस्थित लोगों के लिए एक बड़ी खुशी का कारण बना। मंत्री की लोकप्रियता और सेवा भावना ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपिका बेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय दुबे, प्रभु मंडल, मुक्ता मंडल, प्रमुख अंजलि हेंब्रम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सोहराय पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मास्टर एलेवन रहा विजय

कुंडहित (जामताड़ा) । वुधवार को गड़जोड़ी पंचायत अंतर्गत बेड़ा फुटबॉल मैदान में सोहराय त्योहार के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। फाइनल खेल में मास्टर 11 एक गोल से खेताब अपने नाम कर लिया। जबकि फाइनल खेल में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जयश्र्र मुर्मू ,सचिव मनोरंजन सिंह, पूर्व जिला परिषद श्री भजहरी मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

फाइनल खेल गाजाड एफसी वनाम मास्टर 11 के बीच खेला गया। जिसमें प्लेंटी शॉट पर मास्टर 11 एक गोल से विजय हुए। विजेता टीम को 20000 एवं उपविजेता टीम को 15 000 हजार तथा सेमीफाइनल में पहुंचने वाले टीम को 4000 देकर मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर सभा को जयसर मुर्मू एवं पूर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल ने भी संबोधित किया। श्री मंडल ने कहा हमारे जीवन के लिए खेल अति महत्वपूर्ण है आज हमारे राज्य के कई खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर बनाया एवं अपना राज के साथ-साथ देश का नाम भी ऊंचा किया है। मौके पर एमबीबीएस क्लब अध्यक्ष देवीलाल सोरेन तथा आयोजक मंडल के सदस्य हेमलाल हेंब्रम ,जयराम मरांडी, राजू मरांडी, शांति मुर्मू, मुन्ना मरांडी, स्टीफन सोरेन, संता टुडू ,संतोष टुडू, मही लाल सोरेन, राजधान सोरेन, शत्रुघ्न सोरेन, सहित खिलाड़ी एवं हजारों दर्शक गण उपस्थित थे।

सोहराय मिलन समारोह, जरूरतमंदों के बीच बांटा गया वस्त्र

जामताड़ा । श्री श्री सार्वजनिन मां काली मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से सोहराय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को स्टेशन मोड़ स्थित मां काली मंदिर परिसर में ट्रस्ट के द्वारा आयोजित समारोह में जरूरतमंद आदिवासी महिलाओं के बीच साड़ी, कंबल आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर आदिवासी समाज के कई विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें मुख्य रूप से मांझी परगना सरदार महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील हांसदा उपस्थित हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सरकार ने अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। साथ ही कई अन्य आमंत्रित लोगों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नयन भट्टाचार्य ने बताया कि सार्वजनिन मां काली मंदिर ट्रस्ट का हाल ही में गठन किया गया है। ट्रस्ट के बनने के बाद से ही हमलोग सामाजिक गतिविधियों से जुड़ गए हैं। हमारे ट्रस्ट के द्वारा गरीब लोगों की सहायता, सामाजिक जागरूकता सहित अन्य सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। सोहराय मिलन समारोह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य जनजाति समाज से जुड़ने का है, ताकि भविष्य में इस समाज के लिए हम बेहतर कार्य योजना तैयार कर सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ट्रस्ट और मंदिर कमेटी के ध्रुव नारायण सरकार, देबू सरकार, सुभाष नाग, निलय सरकार, गोर भंडारी, तारु भंडारी, राहुल भट्टाचार्य, गुड्डु, बजरंग आदि ने सहयोग प्रदान किया।

[illegible] !

–[illegible]

[illegible],
[illegible] ?
[illegible] ।
[illegible] ?
[illegible] ।
[illegible] ?
[illegible] ।
[illegible] ?
[illegible] ?
[illegible] ?
[illegible] ।
[illegible] ?
[illegible] ।
[illegible] ?
[illegible] –
[illegible] !
[illegible] !!

छत्तीसगढ़ रेयाक् सनावल दो़ झारखंड सोंगे जोड़ाव ला़गित् कन्हर गाडा रे आ़डी ता़पिस सालाक् चालाक् काना पुल बेनाव का़मी

खोबोरिया

रायपुर। छत्तीगढ़ रेयाक् बलरामपुर-रामानुजगंज जिला रेयाक् सनावल टोठा दो़ झारखंड सोंगे जोड़ाव ला़गित् ते कन्हर गाडा रे चेतानचुड़ा रेयाक् पुल बेनाव का़मी दो़ आ़डी ता़पिस सालाक् चालाक्काना। नोआ पुल बेनावलेन खान 20 आतो रेन मोटामुटी 40 हजार हो़ड़ दो़ आ़डीको आवसानो़क्आ। सनावल टोठा रेयाक् आयमा आतो रेन हो़ड़ दो़ दिना़म हिलोक् सावदाक् आर रान ओचोक् ला़गित् गाडा हाना आड़े रे मेनाक् झारखंड रेयाक् जिला मु यालय गढ़वा आर प्रखंड मु यालय नगर उटारी आर धुरकी तेको चालाक् काना। कन्हर गाडा रेनोआ पुल बेनाव एहो़प्एन ते सनावल टोठा खो़न नोवाको पेने शहररेयाक् डाहार दो़ आ़डी जा़सती खाटो़क्आ। टोठाकिया़ हो़ड़ दो़ गेलबार चान्दो बेगो़र आनाट ते हिजुक्-सेनो़क् रेयाक् सुबिसताको ञामा। लोक निर्माण विभाग होतेते बलरामपुर-रामानुजगंज जिला रेयाक् रामचंद्रपुर विकासखंड रेयाक् धौली आर झारखंड रेयाक् गढ़वा जिला रेयाक् धुरकी प्रखंड रेयाक् बालचौरा ताला रे कन्हर गाडा रे 15 करोड़ 20 लाख टाका रेयाक् पूंजी ते चेतान चुड़ा रेयाक् पुल बेनावेत् काना। नित 12 पियर आर बारया अबटमेंट सांवते मोंड़ेंगो़टेच् पियर आर मित्टेन अबटमेंट रेयाक् का़मी दो़ पुरा़उठीक आकाना।

सारेच् आकान पियर आर मित्टेन अबटमेंट रे सब-स्ट्रक्चर रेयाक् का़मी दो़ चालाक् तेगे मेनाक्आ। दाराय थोड़ा चान्दो रे सुपर-स्ट्रक्चर रेयाक् का़मी हों पुरा़क्आ। 312 मीटर जेलेञ आर 8.4 मीटर ओसार रेयाक् नोआ पुल रेयाक् मोटामुटी 50 प्रतिशत रेयाक् का़मी दो़ पुरा़उ ठीक आकाना।

उप मु यमंत्री आर लोक निर्माण मंत्री अरुण साव दो़ अधिकारी दो़ मोंजते बेनाव ओचोयसांवते निट सो़मो़य रे का़मी पुरा़उ ला़गित्को बातलाव आकादा।विभाग होतेते पुल रेयाक् का़मी दो़ कालो़म जून हा़बिच् ते पुरा़उ रेयाक् जो़स दोहो़वाकाना। कन्हर गाडा रे छत्तीगढ़ रेयाक् धौली आर झारखंड रेयाक् बालचौराआतो ताला रे पुल बेनावलेन खान वाड्रफनगर आर रामचंद्रपुर तहसीलरेयाक् आयमा आतो सीधा झारखंड सोंगे जोड़ाक्आ।

ओनका रेबा़निज-बेपार का़मीको ढेरोक् सांवते किरिञ-आ़खरिञ, रानओचोक् आर एमान तेयाक् का़मीको ला़गित् ते दिनात्रम हिलोक् गढ़वा आर नगर उटारी ते चाक्लाक्कोवाक् डाहार दो़ खाटो़क्आ।



सिरात्रमंत्री सोंगे विधायक सांवते आयमा अधिकारीको ञापामेना, चालादेयाको बोगेआस

खोबोरिया

रांची। सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन आर विधायक कल्पना सोरेन सोंगे सिरा़मंत्री अवासीय कार्यालय रे सा़गुनमाहां हिलोक् विधायक सांवते आयमा अधिकारीको ञापामेना। जो़तो़ खो़न लाहा विधायक जीगा सुसारन होरो दो़ सिरा़मंत्री सोंगे घारो़ंज रेन सालाक् तेय ञापामेना आर नावां बो़छो़र रेयाक् बोगेआसे चालादेया। सिरात्रमंत्री हों ओनको जो़तो़ हो़ड़ नावां बो़छो़र रेयाक् बोगेआसे चालादेया।

आर से नो़ते, सिरा़मंत्री सोंगे झारखंड भू-संपदा अपीलीयन्यायाधिकरण रेन चेयरमैन जस्टिस बीबी मंगलमूर्ति दो़ ञापाम कातेनावां बो़छो़र रेयाक् बोगेआसे चालादेया। सिरात्रमंत्री हों उनी नावांबो़छो़र रेयाक् बोगेआसे चालादेया । नोआ छाडा सिरात्रमंत्री सोंगेपश्चिमी सिंहभूम रेन उपायुक्त कुलदीप चौधरी, लातेहार रेन उपायुक्तउत्कर्ष गुप्ता, विशेष शाखा रेन पुलिस उप महानिरीक्षक अनुरंजनकिस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक नाथूराम मीणा, पुलिस अधीक्षक मूमलराजपुरोहित, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ताको दो़ ञापाम काते नावां बो़छो़र रेयाक् बोगे आसको चालादेया। सिरा़मंत्री हों जो़तो़को नावां बो़छो़र रेयाक् बोगे आसे एमात्कोआ।

सेंगेल लागावेन रे 20 ट्रैक्टर आ़ड़ लो़ तो़रो़च् एना, मुआवजा ला़गित खो़ज

खोबोरिया

खूंटी। मुरहू प्रखंड रेयाक् कुंजला आतो रे सा़गुनमाहां हिलोक् सेताक् उमेश महतो आर रमेश महतोवाक् ओड़ाक् ठेन हो़र आड़े रे बिजली तार साटावेन ते सेंगेल लागावेना।

सेंगेल लागावेन रे ओना आड़े रे ताहेंकान आ़ड़ रे सेंगेल दो़उचा़ड़ेना। ओनका रे मोटामुटी 20 ट्रैक्टर आ़ड़ लो़ तो़रो़च् एना।खो़बो़र ञाम सांवते भाजपा रेन माड़ाङ रेन जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतोदो़ घो़टना जायगा तेय सेटेरेना आर मामला रेयाक् बानाडाय खूंटीरेन थाना प्रभारी आर अग्निशमन विभागे एमात्कोआ आर फायर ब्रिगेडहों बानाडाये एमात्कोआ। फायर ब्रिगेड रेयाक् गा़डी हेच् कातेसेंगेल दो़को इंड़िच् केदा, मेनखान उन हा़बिच् ते आ़ड़ दो़ लो़तो़रो़च् चुका़वाकान ताहेंकाना। भाजपा किसान मोर्चा रेन माड़ाङ रेन प्रदेश उपाध्यक्ष दो़ प्रशासन ठेन दुखा़ली चा़सी बिनबिला़माते मुआवजाएमावाय ला़गित्ए खो़ज केदा। नोआ बाबो़त रे उमेश महतो आर रमेशमहतो दो़किन मेन केदा जे नोआ आ़ड़ ते उनकिन दो़ बो़छो़र दिन आपनार माल-जालको जो़म ओचोकेकोआ। नित उनकिन दो़ नोआ भाबना रे मेनाक्किना जे बो़छो़र दिन माल-जाल चेत्किन जो़म ओचोकोआ।

रांची रे बो़लो़वाकाना कानका़नी राबाङ; ताहें हाताड़ो़क्आ कुहड़ा

खोबोरिया

रांची। झारखंड रे कानका़नी राबाङ बो़लो़वाकाना। राजधानी रांची रे सा़गुनमाहां हिलोक् सेताक् कुहड़ा ते ञुत आकान ताहेंकाना। बेला काते बा़ई-बा़ई ते साफा इदियेना। पो़नो़त रेयाक् 11 गो़टेच् जिला रे 9 जनवरी हिलोक् धुंध कुहड़ा इया़ते येलो अलर्टजा़रीयाकाना। नोआ रे गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज आर पाकुड़ जिला रे आदो़म-आदो़म जायगा रे कुहड़ा दाड़ेयाक्आ।

मौसम विभागाक् ला़ई लेकाते, दाराय 24 घंटा ताला रे न्यूनतम तापमान रे 2 खो़न 3 डिग्री सेंटीग्रेड फेड दाड़ेयाक्आ। ओना तायो़म दाराय 2-3 दिन रे ताला रे जाहांन फेरबो़दो़ल दो़ मुसकिल गेया। पारो़मेन24 घंटा ताला रे डाल्टेनगंज रे थोड़ा-थुड़ीय दाक् केदा। 9 आर 10 जनवरी हिलोक् कुहड़ा ताहेंना आर से नो़ते 11 आर 14 जनवरी हा़बिच्कुहड़ा तायो़म थोड़ा-थुड़ी रिमिल ताहेंन रेयाक् ओहमा मेनाक्आ।

रांची रे मेनाक् मौसम विज्ञान केंद्र लेकाते, पारो़मेन 24 घंटा रे रांची रेयाक् अधिकतम तापमान दो़ 22.7 डिग्री सेल्सियस आर न्यूनतम तापमान दो़ 8.8 डिग्री सेल्सियस ताहेंकाना। नोंका लेका जमशेदपुर रेयाक् अधिकतम तापमान दो़ 27.7 डिग्री सेल्सियस आर न्यूनतम तापमान दो़ 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड आकाना। पारो़मेन 24 घंटा रे डाल्टेनगंज रेयाक् अधिकतम तापमान दो़ 19.4 डिग्री सेल्सियस आर न्यूनतमतापमान दो़ 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड आकाना। बोकारो रेयाक् अधिकतम तापमान दो़ 21.5 डिग्री सेल्सियस आर न्यूनतम तापमान दो़ 11.2डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड आकाना।

नोआ बाबो़त रे रांची मौसम केंद्र रेन वैज्ञानिक अभिषेक आनंद दो़सा़गुनमाहां हिलोक्ए ला़ई केदा जे पारो़मेन 24 घंटा रे जो़तो़खो़न न्यूनतम तापमान दो़ 6.5 डिग्री सेंटीग्रेट लातेहार रे दर्ज आकाना।जो़तो़ खो़न जा़सती उच्चतम तापमान दो़ 29.4 डिग्री सेंटीग्रेट चाईबासा रे ताहेंकाना। पारो़मेन 24 घंआ रे पो़नो़त रेयाक् मित्टेन जायगाडालटेनगंज रे थोड़ा-थुड़ीय दाक् केदा। पो़नो़त रे गे आदो़म-आदो़म जायगा रे थोड़ा-थुड़ी कुहड़ा ञेल एना।

डालसा दो़ आयमा आतो रेय चालाव केदा विधिक जागरूकता अभियान

खोबोरिया

खूंटी। झालसा रांचीयाक् बातलाव रे प्रधान जिला आर सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमाराक् आ़युर रे सा़गुनमाहां हिलोक् नालसाहोतेते चालाक्कान 90 माहांकिया़, आउटरीच अभियान रे बरदा,(तपकरा), हारूहापा (कर्रा), राजकीय कृत उच्च विद्यालय आर जरियागढ़थाना रे विधिक जागवार का़मीहो़राको ओराम केदा। नोआका़मीहो़रा दो़ दिना़म हिलोक् 90 दिन हा़बिच् चालाक् तेगे ताहेंना।अभियान रे आसो़ल बिसो़य दो़ गा़डी ते घो़टना होयोक् रे मुआवजा ञाम आचोको बाबो़त रे, लेबर कार्ड बेनाव बाबो़त रे, जन्म प्रमाणसाकाम, मायजीउको सांवते जो़ड़ावाकान अधिकार आर राशन कार्ड आर एमान तेयाक् बेनाव बाबो़त रे बानाडाये एमात्कोआ। डालसा रेन पीएलवी दो़ का़मीहो़रा रे हो़ड़े जागवार केत्कोआ आर हो़ड़ उतना़उका़मीपोन्थाको रेयाक् पो़रहो़ बाबो़त तेय ला़यात्कोआ। नोआ बानाडाय दो़ डालसा रेन सचिव राजश्री अपर्णा कुजूरे ला़यात्कोआ। नोआ जागवार का़मीहो़रा रे पीएलबी रेन टीम हों़को सेटेर आकान ताहेंना।

बीडीओ दो़ चालाक्कान आयमा योजनाको रेयाक्ए गालमाराव केदा

खोबोरिया

रानीश्वर। पंचायत सचिवालय तालडांगाल रे बीडीओ राजेश कुमारसिन्हावाक् आ़युर रे सा़गुनमाहां हिलोक् दुपुड़प् कातेक् वित्त वर्ष 2024-2025 बो़छो़र रे आयमा लेकानाक् चालाक्कान योजनाकोरेयाक्ए गापालमाराव केदा। दुपुडुप् रे 15वीं वित्त आयोग होतेतेहोयोक्कान बेपुरा़उ योजना बिसरीआम रेन दिलीप मुर्मूवाक् ओड़ाक्सोर रे ना़ली बेनाव, कारिकादर आतो रेन सफल मुर्मूवाक् ओड़ाक्खो़न खेत हा़बिच् ना़ली बेनाव, तारादह आतो रेयाक् आंगनबाड़ीओड़ाक् सामाङ रे ञुय दाक् ला़गित् कुञ साफाय का़मी दो़ मित् चान्दो भितरी रे पुरा़उ ला़गित् ते हुकुमे एम आकाना। गापालमारावओ़कते अभिलेखको ओनमान रेय ञाम केदा जे पेया पेयजल योजना रेयाक्को का़मी आचोवाकादा मेनखान ओना का़मी रेयाक् नाक्सा दो़कार्यालय खो़न दो़ बाको ओडोक आकादा।

मेनाक् नाक्सा रे दो़ कनीय अभियंता आर सहायक अभियंत ता़किनाक् फर्जी सुही मेनाक् आकादा।मित्टेन योजना दो़ चापाकोल जुत आर मित्टेन योजना दो़ पंचायतरेयाक् सुदड़ीकरण ला़गित् मेनाक्आ। मेनखान अभिलेख रे बाङ दो़ प्राक्कलन सेलेत् मेनाक्आ, बाङ दो़ एम बी ओडोक मेनाक्आ। बानारयोजना रेयाक् पायसा दो़को ओडोक केदा। हा़ली रेयाक् का़उडी सेरमा रे चालाक्कान योजनाको रेयाक् प्रखंड ता़री समिति होतेते जांच दो़ तोंगे गेया। बीडीओवाक् मेन लेकाते जाँच तायो़म उसा़रा गे कारवाई दो़ होयोक्आ। गापालमाराव दुपुडुप् रे प्रभारी पंचायतीराज पदाधिकारी, कनीय अभियंता, पंचायत रेन मुखिया़, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य वी एल ई सांवते आयमाको ताहेंकाना।

एक्ट्रेस पूनम ढिल्लोवाक् ओड़ाक् खो़न कोमबड़ो़येना लाख-लाख टाका रेयाक् सामान, कोमबड़ो़को साप् केदेया पुलिस

खोबोरिया

मुंबई। बॉलीवुड रेन गा़खुड़ एक्ट्रेस पूनम ढिल्लोवाक् खार रे मेनाक्ओड़ाक् रे कोमबड़ो़ होय आकान रेयाक् खो़बो़र सोदो़राकाना। पूनमाक् ओड़ाक् खो़न पायसा आर जूलरी कोमड़ो लेना। पुलिस दो़ मामलारेयाक् जांच काते कोमबड़ो़को साप् केदेया। खो़बो़र मेनाक्आ जे कोमबड़ो़ दो़ पेंटर गेय ओडोडेना, जाहांय दो़ पूनमाक् ओड़ाक् पेंट ला़गित्ए हेच् आकान ताहेंकाना। का़मीय ओ़कते उनी दो़ अलमारी झिच्गेय ञेल केदा आर ओन्डे खो़न पायसा आर जूलरी दो़य आ़तकिर लेदा। खार पुलिस दो़ पूनम ढिल्लोवाक् ओड़ाक् खो़न मोटामुटी 1 लाख टाकारेयाक् हीरा रेयाक् माला, 35,000 टाका आर थोड़ागान अमेरिकीडॉलर कोमबड़ो आकात् रेयाक् दोस रे मित् हो़ड़को साप् केदेया।दुसी दो़ 6 जनवरी हिलोक्को साप् केदेया आर दुसीयाक् पाछनाव दो़ 37बो़छो़र रेन समीर अंसरी रूप रे होय आकाना, जाहांय दो़ मित्टेनपेंटर कानाय। पुलिस जांच रे बाडायेना जे दुसी अंसारी दो़ 28 दिसंबरहिलोक् खो़न 5 जनवरी ताला रे लैट रे पेंट ला़गित् एक्ट्रेसाक्ओड़ाक् तेय चालाव लेना। उन ओ़कते गे कोमबड़ो अंसारी दो़ झिच् गेताहेंकान अलमारी रेयाक् फायदा हाताव काते सामाने आ़तकिर केदा।दुसी दो़ कोमड़ो आकात् पायसा तेय पार्टी लेदा। बाडाय काथा काना जे पूनम ढिल्ले दो़ जुहू रेय ताहेंनो़क् काना, मेनखान उनी दो़ जावगे खाररे मेनाक् आच् रेन कोड़ा अनमोलाक् ओड़ाक् रे जा़सती सो़मो़य दोय खेमावेत् काना।

सदर अस्पताल खूंटी रे होयोक् काना फ्री ते मोतियाबिंद रेयाक् ऑपरेशन

खोबोरिया

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रावाक् बातलाव रे स्वास्थ्य विभाग होतेते सदर अस्पताल रे फ्री ते मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविरको ओरामेत् काना। नोआ शिविर रेयाक् जो़सतेत् दो़ जिला रेयाक् जो़तो़ प्रखंड रेन गिरा़बासीको फ्री ते मेत् जाँच आर मोतियाबिंद ऑपरेशन रेयाक्सुबिसताको एमावाकोआ। जिला रेन जो़तो़ गिरा़बासी दो़ नोआ रेयाक् पो़रहो़को हाताव दाड़ेयाक्आ। जाँच ओ़कते जाहाय हो़ड़ मोतियाबिंदकारो़न तेय कांड़ावाकान, ओनको दो़ फ्री ऑपरेशन ला़गित् तेलेकमानको होयोक्आ। सोर-सा़गिञ रेन गिरा़बासीको ला़गित् तेसामुदायिक स्वास्थय केंद्र (सीएचसी) रे प्रारंभिक मेत् जाँच रेयाक्ए बेबो़सता आकादा।

पूर्व रेलवे

ठिका़ खो़बो़र सं.: ईएल-78-24; मा़हित 06.01.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मी पुराउ ला़गित् ते विद्युत ठिका़दार रेयाक् वैद्य लाइसेंस मेनाक् ताको आर लातार रे ओ़लाकान का़मी पुरा़उ रे का़उडी ते दाड़े मेनाक्को ठिका़दारको ठेन खो़न ई-ठिका़को नेवतायेत् काना: **का़मी रेयाक् ञुतुम सांवते ओना रेयाक् जायगा:** (क) आसनसोल मंडल-मधुपुर रे रेलवे कॉलोनी रेयाक् उन्नयन। (ख) आसनसोल मंडल-प्रतिस्थापन आधार रे बीडीएमई कॉलोन रे इंजीनियरिंग, रनिंग, ऑपरेटिंग आर एस एंड टी कर्मिको लागित् 8 इकाई टाइप- II क्वार्टर बेनाव। (ग) आसनसोल मंडल-सिमुलतला रे 2 अदद टाइप-II आर 6 अदद टाइप-III क्वार्टर बेनाव। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 37,86,852.50; **बायना पायसा:** रु. 75,700; **ठिका़ कागो़च रेयाक् गो़नो़म:** शून्य। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** 31.01.2025 हिलोक् सेताक् 11.00 बजे। **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 9 चान्दो। पुरा़उ बिवरो़न दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-294/2024-25)

ठिका़ खो़बो़रको दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686

अभाविप ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

विवि में सामान खरीद, शिक्षकों की नियुक्ति सहित अन्य कार्य में अनियमिता की जांच की मांग

सताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय 32 दिन से बंद होने के लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक संजय माडिया जिला नेतृत्व में कुलाधिपति को ज्ञापन भेजा । ज्ञापन में विश्वविद्यालय में विभिन्न समस्या को लेकर आगत कराया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दुमका (एबीवीपी) की ओर से आपके समक्ष एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहते हैं। महोदय सिदो कान्हू मुर्मू विश्विद्यालय करीब 32 दिनों से बंद किया गया है जो कि छात्रों के साथ अन्याय और भेदभाव किया जा रहा है। कई छात्र साथी सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी की ओर से की गई अनियमितताओं के कारण परेशान हो रहे है।सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों के साथ पठन पाठन की प्रक्रिया बंद है।सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में अनियमितताएं और भ्रष्टाचार व्याप्त है।छात्रों की समस्याओं को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। 32 दिन से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय बंद है छात्र परेशान है उनकी मांग है कि जल्द से जल्द विश्वविद्यालय खोला जाय। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में जो भी समान क्रय किया गया है जैसे की कुर्सी, टेबल ,लैपटॉप सामानों की गुणवत्ता की जांच हो। जिनका बेटा,बेटी परीक्षार्थी है,उसे भी बतौर परीक्षक कॉपी जांच में लगाया गया है।कुछ दिनों पूर्व नियुक्त नीड बेस्ड शिक्षकों जिसने अभी सेमेस्टर 6 का एक क्लास नहीं लिया,वह भी सेमेस्टर 6 की कॉपी जांच की जा रही है। सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय में पर पदस्थापित है पूर्व में वो वित्तीय अधिकारी के पद पर थे उनके कार्यकाल में भवन निर्माण किया गया है उनकी गुणवत्ता की जांच हो । सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के वर्तमान प्रभारी कुलसचिव डा राजीव कुमार के नियुक्ति की जांच करायी जाए साथ ही साथ उन्हें किस आधार पर प्रमोशन मिला है उसकी जांच कराई जाए।सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में बन रहे नये सभी भवनों लाइब्रेरी, एमबीए,बी.एड गर्ल्स हॉस्टल निर्माण कार्यों की जांच करायी जाय, जब तक जांच न हो जाए कार्यों पर रोक लगाया जाए। जामा प्रखंड में बन रहे डिग्री कॉलेज जामा के निर्माण कार्य पर जब तक जांच न हो जाए कार्यों पर रोक लगाया जाए।सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पस हॉल के भवन की जांच करायी जाए। पिछले डेढ़ वर्षों में दस करोड़ रुपए का भुगतान एन सी सी एफ को परीक्षा कार्यों के विपत्रों के विरुद्ध विश्वविद्यालय के आंतरिक स्रोत से किया गया है इसकी जांच होनी चाहिए । एए,न,कॉलेज दुमका में के प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के कार्यकाल में झारखंड सरकार से प्राप्त करोड़ों रुपये के अनुदान राशि के वितरण में हुई वित्तीय अनियमितता की जांच कराई जाए।ए.एन महाविद्यालय दुमका को वित्तीय वर्ष 2017-2018 से लेकर वर्ष 2023-24 तक झारखंड सरकार से प्राप्त करीब 3 करोड़ 60 लाख रुपये का अनुदान राशि को खर्च करने में झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा अनुदान अधिनियम का घोर उल्लंघन किया गया है। जिन विषयों में छात्रों का नामांकन निर्धारित संख्या से न्यूनतम है,उन विषयों में भी शिक्षकों को नियम विरुद्ध वेतन भुगतान किया गया है।महालेखाकार से कॉलेज का ऑडिट करायाराजभवन का आदेश है कि सभी कॉलेजों के प्राचार्यों और विभागाध्यक्षों के साथ ही शिक्षकों को बायोमेट्रिक हाजिरी बनाना अनिवार्य है।राजभवन के आदेश की अवहेलना करते हुए एएन कॉलेज दुमका के प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के ही अवैध रूप से वेतन प्राप्त कर रहे हैं। बिना उपस्थिति विवरणी के अपना वेतन की निकासी कर प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह वित्तीय अनियमितता कर रहे है।ए.एन.कॉलेज दुमका में प्रभारी प्राचार्य डॉ.संजय कुमार सिंह पर करोड़ो रुपये के सरकारी अनुदान राशि के गबन और वित्तीय अनियमितता की मिली जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त ने सिदो कान्हु मुर्मू के कुलपति को जांच के लिए दो माह पहले पत्र लिखा था।पर कुलपति तक अपनी पहुंच और पैरवी के बल पर डॉ संजय कुमार सिंह ने इतने गंभीर मामले को ठंडे बस्ते में डलवा दिया है।आशंका है कि प्रभारी कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह करोड़ो के गबन के आरोपी प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह को संरक्षण दे रहे हैं।इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए।।

सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने वालों को मिलेगा 2,000 रु एवं प्रशस्ति पत्र : डीटीओ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी जयप्रकाश करमाली के नेतृत्व में बुधवार को मोटरयान निरीक्षक दुमका, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों व सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मियों ने वाहन चालकों व आमजनों को नेक व्यक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जैसे मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डन आवर में अस्पताल पहुचाने वाले नेक व्यक्ति (को प्रोत्साहित करने को लेकर 2,000 रूपये नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह भी किया ताकि किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रु एवं प्रशस्ति पत्र दिया जा सके। साथ ही सड़क हादसों में मृत्यु दर को कम करने के उदेश्य से लोगों को इस संशोधित अधिनियम की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान की जा सके और लोग एक दूसरे को इसके प्रति जागरूक कर सके एवम इसके साथ साथ हिट एंड रन के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया गया7 किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर 2,00000 एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000का प्रावधान है। मौके पर मोटरयान निरीक्षक विनय किशोर देव, अरविंद तिरु, अभय टेटे, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण यथा- डॉ मनोज कुमार घोष, डॉ अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, सुरेश साह सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला प्रबंधक दीपक कुमार,कर्मी मनोज उरांव अमित कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लिया।

शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने कुलपति और हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के साथ की बैठक

कहा-कर्मचारियों की समस्यओं का समाधान निकले

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने वर्तमान कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के व्यापक प्रभाव को देखते हुए प्रभारी कुलपति प्रो0 बिमल प्रसाद सिंह एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारियों से मिलकर इस गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की तथा शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि कर्मचारियों की समस्या का यथाशीघ्र समाधान किया जाए ताकि संथाल परगना प्रमंडल में उच्च शिक्षा की व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से स्थापित हो सके। शिक्षक संघ के समस्त प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न विकल्पों पर विचार किया तथा समस्या का समाधान कैसे हो इस पर आवश्यक बैठक करने का भी निर्णय लिया। यह भी महत्वपूर्ण है कि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय संथाल परगना में उच्च शिक्षा का एकमात्र संस्थान है, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वर्तमान सरकार को प्रचंड बहुमत दिलाने में संथाल परगना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, परंतु विगत पैंतालीस दिनों से कर्मचारियों की न्यायोचित अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ध्यान न देना इस क्षेत्र के प्रति सौतेलापन एवं घोर उपेक्षा प्रतीत होता है। शिक्षक प्रतिनिधियों ने चिंता व्यक्त की मानव संसाधन उच्च शिक्षा विभाग को और भी सवेदनशील होकर कर्मचारियों की समस्या के समाधान पर समुचित ध्यान देना चाहिए था। अतः समस्त शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल वर्तमान सरकार से अनुरोध करती है कि इस मामले में यथाशीघ्र हस्तक्षेप कर इसका समाधान निकाले, हो सके तो उच्च शिक्षा एवं तकनिकी विभाग को यहां कैम्प लगाकर विश्वविद्यालय परिसर में आकर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए तथा सरकार की महत्वपूर्ण योजना ÷आपकी सरकार आपके द्वार÷ का वादा पूरा करना चाहिए ताकि इस क्षेत्र एवं संथाल परगना समाज के सभी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा का समुचित लाभ मिल सके। इस वार्ता में मुख्य रूप से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय आदिवासी शिक्षक संघ एवं अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के निम्नलिखित प्रतिनिधि सम्मलित हुए डॉ अंजुला मुर्मू, डॉ सुजीत कुमार सोरेन, डॉ राजीव रंजन, डॉ मेरी मार्ग्रेट टुडू, डॉ राजीव केरकेट्टा, डॉ स्वेता मरांडी, डॉ सैमुएल किस्कू, डॉ प्रीति किरण हांसदा।

भाजपा सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन, कार्यकर्ता जिम्मेदारी से कार्य करें : गौरवकान्त

भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

संवाददाता

जरमुंडी । भारतीय जनता पार्टी के सहारा मंडल अंतर्गत कुशमाहा चिकनिया पंचायत में मंडल अध्यक्ष मुरलीधर मंडल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव कांत उपस्थिति थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गौरवकान्त ने सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के माध्यम से बूथ स्तर पर ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने का निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा परिवार , विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन परिवार है ।हर कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे बूथ स्तर पर ज्यादा लोगो से सम्पर्क कर पार्टी की सदस्यता से जोड़े। कार्यक्रम में जिला मंत्री पूनम देवी , सुबोध मंडल, नरेश पंडा, ग्राम प्रधान गजाधर कोटवार, पांडेश्वर माल ,प्रदीप कोटवार, सुरेंद्र मांझी, हरि कुमार, बूथ अध्यक्ष मोहन मंडल ने सदस्यता सम्पर्क नंबर पर मिस्ड कॉल के माध्यम से कई लोगो को सदयता से जोड़ा।

अवैध तरीके से बालू ले जा रहे तीन वाहन जब्त

संवाददाता

दुमका। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ बुधवार को बड़ी कार्रवाई की एवं अवैध तरीके से बालू ले जा रहे तीन वाहनों को जप्त किया एवं वाहन मालिक,चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए अविलंब कानूनी कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया। डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि राजेश्वर थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से बालू का परिवहन किया जा रहा है,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक बह्मदेव यादव के नेतृत्व में बुधवार को वाहनों की संघन जांच को लेकर छापेमारी की गयी,छापेमारी के दौरान महेशखाला पथ पर तीन वाहनों को बालू ले जाते पाया गया,वाहनों को रोक कर चालक से बालू परिवहन संबंधित कागजात मांगी गयी,लेकिन वाहन चालकों के द्वारा बालू परिवहन संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए 2850 सीएफटी बालू समेत वाहनों को जप्त कर थाना के सुपूर्द कर दिया गया एवं वाहन चालक,वाहन मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

छापेमारी के दौरान वाहन संख्या डब्बलूबी57ई-9591,वाहन संख्या-डब्बलूबी57ई-9820 एवं वाहन संख्या-डब्बलूबी57ई-9557 को अवैध बालू के साथ जप्त किया गया।

सेविकाओं के साथ बीडीओ ने की बैठक

रानीश्वर(दुमका) । प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ ने सेविकाओं को समय पर केंद्र खोलने एवं निर्धारित समय के बाद केंद्र बंद करने का आदेश दिया।साथ ही केंद्रों को उपलब्ध कराएं गए सामग्रियों को भंडार पंजी में दर्ज कर सही तरीके से उपयोग करने का आदेश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान सेविकाओं को अनुपस्थित पाये जाने पर करवाई करने की चेतावनी दी। समीक्षा में पता चला कि 45 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के मकान में संचालित है। कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन जर्जर है।

विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया उदासीन : नेतलाल मिर्धा

संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका एवं अंतर्गत अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकेतर कर्मचारी सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान की मांग को लेकर पिछले 44 दिनों से हड़ताल पर डटे हुए हैं एवं विश्वविद्यालय,महाविद्यालयों के सारे कार्य ठप हैं। 2 माह से कर्मचारियों को वेतन भुगतान भी नहीं किया गया है। जिसके बावजूद भी कर्मचारियों के जोश में कोई कमी नहीं है। एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी भी अपनी मांग पर गंभीर है किन्तु जायज मांग होते हुए भी राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन उदासीन है। इसी उदासीनता की वजह से कर्मचारियों ने फैसला लिया है कि 10.01.2025 को होने वाले विश्वविद्यालय स्थापना दिवस का आयोजन सिर्फ कर्मचारियों द्वारा ही किया जाएगा। महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि वर्तमान कुलपति द्वारा यह साबित करने का प्रयास किया जा रहा है कि इस परिसर की आवश्यकता नहीं है तो फिर यहां उन्हें स्थापना दिवस मनाने की भी आवश्यकता नहीं है। श्री मिर्धा ने कहा यह बड़ा ही खेदजनक है कि एक ओर हम बंधेज पत्र देने के लिए तैयार हैं किन्तु उसके बावजूद भी विश्वविद्यालय प्रशासन हमें सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान प्रारंभ नहीं करने की जिद पर अड़ी है और इसी जिद की वजह से आज गतिरोध की स्थिति हो गई है।

महासंघ के अध्यक्ष परिमल कुंदन ने कहा कि हम सभी नियमित कर्मचारी हैं, पांचवें, छठे एवं सातवें वेतनमान में हमारा लाखों रुपए बकाया है, हम बंधेज पत्र भी देने के लिए तैयार हैं किन्तु फिर भी हमारी मांग पर विश्वविद्यालय प्रशासन मौन है। जायज मांग के लिए 44 दिनों तक हड़ताल का जारी रहना विश्वविद्यालय प्रशासन की अयोग्यता को दर्शाता है।

लायंस क्लब दुमका के शिविर में 32 रोगियों का किया गया इलाज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। लायंस क्लब दुमका स. प. के तत्वावधान में निःशुल्क सुजोक एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन भारती अस्पताल में बुधवार को किया गया। जिसमें 32 रोगियों का नामांकन किया गया। जिनमे महिला रोगी 14 एवं पुरुष रोगी 18 मौजुद थे इन सभी रोगियों का इलाज थैरेपिस्ट गोपाल मिश्रा, प्रिंस मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। थैरेपिस्ट गोपाल मिश्रा ने बताया एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति हमारी भारतीय पौराणिक चिकित्सा पद्धति में से एक है इसमें कुछ खास बिंदुओं पर दबाव देकर किसी भी बीमारी का इलाज बहुत ही सहजता पूर्वक से किया जाता है। थैरेपिस्ट प्रिंस मिश्रा ने बताया कि एक्यूप्रेशर उपचार में दबाव हम उस खास बिंदु पर एक्यूप्रेशर उपकरण मैग्नेट आदि के द्वारा भी देते हैं, जिससे उसे रोग से संबंधित बिंदु ऊर्जान्वित होकर संबंधित अंग को रिचार्ज करता है। और रक्त संचार करके बीमारी दूर की जाती है। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित, लायन मुकेश कुमार अग्रवाल, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ मनोज कुमार घोष, पी.एम.जे.एफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन प्रदीप्तो मुखर्जी, लायन अमित कुमार, लायन सुनील कुमार साहा, लायन चन्दन कुमार सहा, लायन नीरज कोठरीवाल, लायन सतीश कुमार, लायन डॉ. शम्भू कुमार साह, लायन डॉ. अमूल्य कुमार पाल, लायन दिवाकर वत्स, संदीप रक्षित के अलावे काफी संख्या में रोगी एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

प्रभारी कुलपति ने किया संपादित पुस्तक के आवरण पृष्ट का विमोचन

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के प्रभारी कुलपति प्रो. डॉ. बिमल प्रसाद सिंह ने ए. एन. कॉलेज, दुमका के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं झारखण्ड बायोडाइवर्सिटी बोर्ड के सदस्य डॉ. अमर नाथ सिंह द्वारा संपादित पुस्तक ÷इथेनोबॉटनी − प्रेजेंट सीनारिओ एंड फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स ÷ के आवरण पृष्ठ का बुधवार को विमोचन अपने आवासीय कार्यालय में किया द्य इस पुस्तक के सह संपादक डॉ. अवध किशोर राय, डॉ. कन्हैया सिंह एवं डॉ. बबिता बर्धन हैं द्य कुलपति ने पुस्तक के विषय वस्तु को वर्तमान समय में काफी उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बताया द्य उन्होंने कहा की इथेनोबॉटनी अथवा लोक वनस्पति शास्त्र का इतिहास बहुत पुराना है वर्तमान में यह काफी उपयोगी है और भविष्य में भी इसमें काफी संभावनाएं हैं द्य इस संपादित पुस्तक के मुख्य संपादक डॉ. अमर नाथ सिंह ने बताया की इस पुस्तक में पचहत्तर से ज्यादा महत्वपूर्ण शोध आलेख प्रकाशन हेतु प्राप्त हुए हैं जो देश के अलग अलग राज्यों के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों द्वारा प्रेषित किये गए हैं द्य इस पुस्तक की मुख्य विषय वस्तु लोक वनस्पतिशास्त्र − वर्तमान परिदृश्य एवं भविष्य की संभावनाएं हैं द्य वालनट पब्लिकेशन नई दिल्ली द्वारा इसी माह प्रकाशित होने वाली यह पुस्तक आईएसबीएन नामांकित है जो वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी द्य इस पुस्तक में प्रकाशित शोध आलेख की सहायता से शिक्षक पदोन्नति में भी लाभ ले पाएंगे द्य इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह, संकायाध्यक्ष डॉ. टी. पी. सिंह, सीसी डी सी डॉ. अब्दुस सत्तार एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे

प्रवासी मजदूरों की समस्याओं को लेकर वर्कर युनियन ने मंत्री को लिखा पत्र

दुमका। इन्टर स्टेट माइग्रेंट वर्कर यूनियन, दुमका के अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर अंसारी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उन्होंने श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विकास के मंत्री को पत्र लिखकर मांग किया है कि प्रवासी मजदूरों का शोषण मुक्त व स्थानीय ठेकेदारों से मुक्ति दिलाने तथा भविष्य में कोई भी बिचौलिया, ठेकेदार, मेट आदि झारखण्ड के प्रवासी मजदूरों को शोषण न कर सके इसकी व्यवस्था करने इसके साथ-साथ परियोजनाओं एवं अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिक संघ, दुमका, झारखण्ड से समन्वय स्थापित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीमा सड़क संगठन के अन्तर्गत दुमका के प्रवासी मजदूर सन् 1976 से ही सीमा पर सड़क, पुल-पुलिया का कार्य करने के लिए जाते हैं। पहले यह बहाली दुमका से होती थी, बी.आर.ओ. के पदाधिकारी, दुमका आकर नियमानुसार बहाली करके ले जाते थे। यह बहाली सन् 2004 तक दुमका से की गयी। सन् 2005 से यह बहाली जम्मू निकट नगरोटा से होने लगी । सन् 2010 तक यह बहाली नगरोटा में की गयी। सन् 2011 से यह बहाली बंद हो गयी। मेट स्वयं से प्रवासी श्रमिकों को सीधे लेह-लद्दाख के बी. आर.ओ. में ले जाने लगा। तथा यह बहाली बंद हो गयी। कोरोना महामारी के समय पुनः बी.आर.ओ. के पदाधिकारी सन् 2020-21 में प्रवासी मजदूरों को लेने के लिए दुमका आए। तथा दुमका से तकरीबन 2000 मजदूर नियमानुसार बहाली करके लेह-लद्दाख लेकर गए ।

एमजी कॉलेज में सुभाष चंद्र बोस जयंती की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

रानीश्वर(दुमका) । मयूराक्षी ग्रामीण इंटर कालेज में बुधवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती को लेकर प्राचार्य कक्ष में बैठक की गई। प्रचार्य संजय घोष के अध्यक्षता में हुई बैठक में कालेज के संस्थापक पूर्व प्रचार्य डॉ अब्दुल रईस खान, दीनबंधु मंडल, मोहम्मद महमूद आलम, मोहम्मद बेलाल शेख, काजी गुलाम मुस्तफा, दीपंकर मंडल, शेख बख्सी व मोहम्मद सर्फ़रोज मौजूद थे । बैठक में आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती को लेकर विचार-विमर्श किया गया।जयंती समारोह में प्रख्यात लेखक एवं साहित्यिक पृथि राज सेन मुख्य अतिथि एवं बंगाली बिश्व कोष के व्यवस्थापक कवि अब्दुल करीम विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कालेज प्रबंधन के द्वारा यहां केंसर पीड़ितों को आर्थिक सहयोग के लिए चेरिटेबल फुटबॉल मैच आयोजित किया जायेगा।

आदर्श पब्लिक स्कूल में पुस्तकालय खुला

जरमुंडी । आदर्श पब्लिक स्कूल जरमुंडी में विनायक प्रसाद साह की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विनायक साह पुस्तकालय का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर शम्भूनाथ गुप्ता एवं प्राचार्य युधिष्ठिर मंडल द्वारा फीता काटकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य युधिष्ठिर मंडल ने स्व.विनायक साह की स्मृति को लेकर जानकारी साझा करतै हुए पुस्तकालय के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य श्री मंडल ने कहा,पुस्तकालय की स्थापना से विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। बताया कि विनायक साह की पहली पुण्य तिथि पर इस पुस्तकालय को खोला गया है। पुस्तकालय का उद्देश्य कक्षा शिक्षण को बढ़ाना होता है। उन्होंने बताया कि पाठ्य क्रम से जुड़ी पुस्तकें यहां उपलब्ध रहेगी। छात्र छात्राएं यहां से पुस्तक लेकर पढ़ सकते हैं। मौके पर समाजसेवी गोबिंद साह, रामगोपाल साह, भोला साह, शंकर साह, प्रमोद साह, केशव गुप्ता ,अभिषेक गुप्ता, निरंजन मंडल, शिक्षक कोकिल मंडल, उमेश पत्रलेख, शिवशंकर पत्रलेख,संजय शर्मा विद्यालय के सभी शिक्षक गण, विद्यार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

रानीगंज टीम ने कटोरिया टीम को हराया

जरमुंडी । बासुकीनाथ बस स्टैंड स्थित खेल मैदान में चल रहे रिंकू अभिषेक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को चौथा मुकाबला कटोरिया और रानीगंज टीम के बीच हुआ। जिसमें रानीगंज टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कटोरिया की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए मनीष कुमार के 27 गेंद में 31 रन, संजीव झा के 24 गेंद में 32 रन, एवं मोनू सिंह के 22 गेंद में 19 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रानीगंज टीम शुरुआती झटकों के बावजूद संभलकर खेलते हुए रमिकांत के 25 गेंद में 26 रन, कृष्णा खेड़ा के 23 गेंद में 26 रन, मोहम्मद महफूज के 14 गेंद में 33 रन की मैच जिताऊ पारी की बदौलत 19 ओवर पांच गेंद में नौ विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। रानीगंज टीम ने यह मुकाबला एक विकेट से जीता। रानीगंज टीम के गेंदबाज प्रेम यादव को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच का पुरस्कार बासुकीनाथ के सामाजिक कार्यकर्ता संसार पंडा, जबकि रानीगंज टीम के मोहम्मद महफूज को मैच जिताऊ पारी खेलने के लिए बासुकीनाथ निवासी कुंदन झा के द्वारा नगद इनाम दिया गया।

कालाजार सर्वे को लेकर बैठक आयोजित

रानीश्वर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीश्वर के सभागार में बुधवार को एम टी एस प्रीतम साहा के अध्यक्षता में कालाजार सर्वे को लेकर बैठक बुधवार को की गयी। बैठक में चिकित्सक डॉ आजाद शेखर पंडित, बीटीटी मोहम्मद आरिफ रशीद, अर्चना भट्टाचार्य व मेरी सोरेन मौजूद थी। बैठक में कालाजार को लेकर दिनांक 17 जनवरी से 31 जनवरी तक होने वाले सर्वे को लेकर सहिया साथी मर्शिला हांसदा, माया दासी के साथ पांच क्लस्टर की बैठक कर सहियाओं को सर्वे करने को लेकर कई सुझाव दिए गए।